

सेवा संस्कार संगठन

# प्रगति-प्रतिवेदन
## 2023-24

57 ANNUAL GENERAL MEETING
TYP·57
TERAPANTH YUVAK PARISHAD DELHI

# तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

नूतन चिंतन नया विकास, युवकों में जागे विश्वास

# विजय गीत

लक्ष्य है ऊंचा हमारा, हम विजय संगान गाएं।
चीरकर कठिनाइयों को, दीप सम हम जगमगाएं।।
तेज सूरज–सा लिये हम,
शुभ्रता शशि–सी लिये हम,
पवन–सा गति वेग लेकर, चरण ये आगे बढ़ाएं।।
हम न रुकना जानते हैं,
हम ना झुकना जानते हैं,
हो प्रबल संकल्प इतना, सफल हो सब कल्पनाएं।।
हम अभय, निर्मल, निरामय,
हैं अटल जैसे हिमालय,
हर कठिन जीवन घड़ी में, फूल बनकर मुस्कुराएं।।
हे प्रभो! पा पंथ तेरा,
हो रहा अब नव सवेरा,
स्वस्थ तन–मन, स्वस्थ चिंतन, चेतना की लौ जलाएं।।

# 57वाँ वार्षिक अधिवेशन

## रविवार, 16 जून, 2024

अणुव्रत भवन

210, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग

नई दिल्ली – 110002

## तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

# श्रावक निष्ठा पत्र

मैं जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ का अनुयायी श्रावक हूं / श्राविका हूं। इसका मुझे गौरव है। मैं इसे जीवन-विकास का तथा समस्याओं के समाधान में सबसे बड़ा आलम्बन मानता हूं / मानती हूं। अतः अपने दायित्व-निर्वाह तथा आस्था की पुष्टि के लिए मैं इन संकल्पों को स्वीकार करता हूं/करती हूं-

1. मैं आचार्य भिक्षु की मर्यादा, तेरापंथ धर्मसंघ तथा शासनपति के प्रति समर्पित रहूंगा / रहूंगी।
2. मैं धर्मसंघ की अखण्डता के लिए सतत जागरूक रहूंगा / रहूंगी। दलबन्दी को प्रोत्साहन नहीं दूंगा / दूंगी।
3. मैं जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ से मुक्त व्यक्ति (टाळोकर) को प्रश्रय नहीं दूंगा / दूंगी।
4. मैं आचार्य की आज्ञा के प्रतिकूल प्रवृत्ति को समर्थन नहीं दूंगा/ दूंगी।
5. धर्मसंघ के किसी साधु-साध्वी में दोष जान पड़े तो उसका अन्यत्र प्रचार किए बिना यथौचित्य स्वयं उसे अथवा आचार्य आदि उपयुक्त व्यक्ति को जताऊंगा / जताऊंगी।
6. मैं प्रत्येक शनिवार को सायं सात से आठ के बीच सामायिक करने का यथासंभव प्रयत्न करूंगा/करूंगी।
7. मैं सम्यक्त्व दीक्षा के चारों नियमों का जागरूकता पूर्वक पालन करूंगा/करूंगी।

# संघ गान

जय-जय धर्म-संघ अविचल हो।
संघ-संघपति प्रेम अटल हो।।

हम सबका सौभाग्य खिला है, प्रभु यह तेरापंथ मिला है।
एक सुगुरू के अनुशासन में एकाचार विचार विमल हो।।

दृढ़तर सुन्दर संघ-संगठन, क्षीर-नीर-सा यह एकीपन।
है अक्षुण्ण संघ-मर्यादा, विनय और वात्सल्य अचल हो।।


संघ-संपदा बढ़ती जाए, प्रगति-शिखर पर चढ़ती जाए।
भैक्षव शासन नन्दनवन की, सौरभ से सुरभित भूतल हो।।

'तुलसी' जय हो, सदा विजय हो, संघ चतुष्टय बल अक्षय हो।
श्रद्धा-भक्ति बहे नस-नस में, पग-पग पर प्रतिपल मंगल हो।।

# तेरापंथ का अतीत और वर्तमान



# मंगल भावना यंत्र




# तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

# तेयुप उद्घोष : एक झलक

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आलोकित नभ धरा दिगन्त—हे प्रभोः यह तेरापंथ | 1972 |
| 2. | एक द्वारा एक | 1978 |
| 3. | हम सब एक हैं | 1979 |
| 4. | बात कम अधिक श्रम | 1981 |
| 5. | कदम बढ़ाओ - मंजिल पाओ | 1982 |
| 6. | सही निर्णय - सही कार्य | 1983 |
| 7. | लक्ष्य बनाओ - शक्ति जगाओ | 1984 |
| 8. | दृढ़ संकल्प, अमिट आस्था<br>सही प्रगति का एक ही रास्ता | 1985 |
| 9. | कदम-कदम बढ़े चलो | 1986 |
| 10. | दोनों हाथ - एक साथ | 1987 |
| 11. | प्रज्ञा जागे, बढ़ें आगे | 1988 |
| 12. | नव निर्माण, म्हारी पहचान | 1989 |
| 13. | मेरा शासन, मेरी शक्ति | 1990 |
| 14. | हुआ सवेरा, अब मत सोओ | 1991-1994 |
| 15. | आगे बढ़े समाज, कल नहीं आज | 1994-1997 |
| 16. | आओ मिल कर करें प्रयोग,<br>सहज मिले सबका सहयोग। | 1997-2007 |
| 17. | चरणों को गतिमान बनाएं,<br>सपनों को साकार बनाए। | 2007-2013 |
| 18. | नूतन चिन्तन नया विकास,<br>युवकों में जागे विश्वास। | 2013 से.... |

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्



## शुभाशंसा

महातपस्वी युवामनीषी, युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के श्रीचरणों में सभक्ति वंदना। श्रद्धेया साध्वीप्रमुखा श्री विश्रुतविभाजी एवं श्रद्धेय मुख्यमुनि प्रवर को सविनय वंदना। आपके क्षेत्र एवं निकटस्थ विराजित चारित्रात्माओं को सादर वंदना।

'अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्' परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन आध्यात्मिक संरक्षण एवं पथदर्शन में सेवा, संस्कार और संगठन के क्षेत्र में बहुमुखी गतिविधियों एवं आयामों का संचालन करती है। इन त्रिआयामी उद्देश्यों के अन्तर्गत किसी भी आयाम को गति देने के लिए अभातेयुप द्वारा केन्द्रीय स्तर पर एक आह्वान किया जाता है और 360 से अधिक शाखा परिषदों और 45000 से अधिक युवाओं का विशाल नेटवर्क समर्पित भाव से संगठन द्वारा निर्देशित उस कार्य को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध हो जाता है। अभातेयुप का मुख्य उद्देश्य युवापीढ़ी को अध्यात्म और नैतिकता के सुसंस्कारों से पोषित करना है। गुरु इंगित की प्रतिपल आराधना के संकल्प के साथ हजारों युवक एवं किशोर इस संगठन के माध्यम से अपना स्वयं का सर्वांगीण विकास तो करते ही हैं साथ ही विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर समाज और राष्ट्र के विकास में भी सहयोगी बनते हैं। अभातेयुप की समर्पित एवं सक्रिय शाखा परिषदों की श्रृंखला में एक प्रमुख शाखा परिषद है- 'तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली'। प्रसन्नता का विषय है कि तेयुप, दिल्ली अभातेयुप द्वारा निर्देशित सभी कार्य पूर्ण जागरूकता के साथ करने का प्रयास करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिषद ने सत्र 2023-24 में 'सेवा' के क्षेत्र में परिषद ने अभातेयुप के निर्देशन में आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल एवं आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर जैसे दो स्थायी प्रकल्पों का शुभारंभ कर एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। मेगा ब्लड डोनेशन ड्राईव रक्तदान अमृत स्मरणोत्सव के अंतर्गत 12 रक्तदान शिविर आयोजित किये। 21 नेत्रदान करवाए गये। स्थानीय युवाओं व किशोरों द्वारा युवावाहिनी के अंतर्गत पूज्य प्रवर एवं चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा का लाभ प्राप्त किया गया। 'संस्कार' के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास कार्यशाला, भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान, लोगस्स कल्प अनुष्ठान, भिक्षु धम्म जागरण आदि का आयोजन किया गया। जैन संस्कार विधि द्वारा अनेक कार्यक्रम संपादित किए गए। 'संगठन' के अन्तर्गत स्थानीय सदस्यों को परिषद की विभिन्न गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया गया।

उक्त सभी कार्यों से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तेयुप दिल्ली के पदाधिकारीगण, टीम के साथी एवं कार्यकर्तागण अपने दायित्व के प्रति सजग और संघ व संगठन के प्रति समर्पित हैं। अपेक्षित है कि उनकी संघ निष्ठा और समर्पण भाव निरंतर प्रवर्द्धमान रहे। एक कार्यकाल में अभातेयुप के दो स्थायी प्रकल्पों का शुभारंभ निश्चित रूप से दिल्ली परिषद के लिये नई उपलब्धि है। परिषद् के वार्षिक प्रतिवेदन में वर्षभर की गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है। यह संस्था की उपलब्धियों को इतिहास के पृष्ठों में संरक्षित रखता है। वार्षिक साधारण सभा के अवसर पर पदस्थ पदाधिकारी गति-प्रगति का समीक्षात्मक मूल्यांकन करें एवं आने वाले नई टीम पूर्व टीम की उपलब्धियों से प्रेरणा लेते हुए आगामी वर्ष में विकास के नए पदचिह्न अंकित करने का संकल्प करें। तेयुप का प्रत्येक सदस्य संघ व संघपति के प्रति पूर्ण निष्ठा भाव रखते हुए संगठन में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प ले। युवा शक्ति की संघीय और सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता और जागरूकता ही संघ, संगठन व समाज को विकास के नये शिखर पर पहुंचा सकती है।

दिल्ली परिषद् के कर्मठ अध्यक्ष श्री विकास चोरड़िया के नेतृत्व एवं कर्मशील मंत्री श्री अमित डूंगरवाल के सक्रिय निर्देशन में निवर्तमान टीम के सफल कार्यकाल की सम्पन्नता पर बधाई एवं नई टीम के यशस्वी कार्यकाल की मंगलकामना के साथ...

Ramesh Daga

**रमेश डागा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष

Amit nahata

**अमित नाहटा**
महामंत्री

# अणुक्रमणिका


| कार्यक्रम | पेज नं. |
|---|---|
| 56वां वार्षिक अधिवेशन | 29 |
| शपथ ग्रहण समारोह | 29 |
| चातुर्मासिक मंगल प्रवेश | 30 |
| आध्यात्मिक अनुष्ठान | 31 |
| चातुर्मासिक एवं पर्युषण काल में सेवा उपासना | 34 |
| अभातेयुप राष्ट्रीय अधिवेशन | 34 |
| अभातेयुप प्रतिनिधि यात्रा | 36 |
| स्नेह मिलन कार्यक्रम | 37 |
| आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल | 39 |
| आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर | 40 |
| मंत्र दीक्षा | 43 |
| दायित्व बोध कार्यशाला | 43 |
| बारह व्रत कार्यशाला | 44 |
| जैन संस्कार विधि | 44 |
| रक्षाबंधन कार्यशाला | 47 |
| दीपावली पूजन कार्यशाला | 48 |
| भिक्षू धम्म जागरण | 49 |
| तप अनुमोदना | 50 |

# अणुक्रमणिका


| कार्यक्रम | पेज नं. |
|---|---|
| भिक्षु चरमोत्सव कार्यक्रम | 51 |
| सम्यक्-दर्शन कार्यशाला | 53 |
| फिट युवा हिट युवा | 53 |
| तपोयज्ञ | 54 |
| मैं हूँ सामायिक साधक | 55 |
| अभिनव सामायिक फेस्टिवल | 56 |
| नेत्र दान | 57 |
| मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव | 58 |
| युवा वाहिनी | 63 |
| चारित्रात्माओं की विहार सेवा | 64 |
| सदस्यता अभियान | 65 |
| सार-संभाल साथियों की | 65 |
| ज्ञानशाला संचालन | 68 |
| बैंकुठी यात्रा व्यवस्था | 68 |
| भगवान महावीर 2550वां निर्वाण महोत्सव | 69 |
| तेरापंथ किशोर मंडल | 74 |


KUSUM
CABLES
THE SERIES OF
STURDY
& secure
WIRES
AIRSON®
CABLES
ALL ROUNDER CABLES
PLEDGE TO SAFETY
FR
PVC INSULATED INDUSTRIAL CABLES
1.0 sq.mm
Our Products Range
House Wires
Power Cables and Control Cables
Submersible Cable
Aerial Bunch Cable
Solar Cable
Instrumentation Cable
Complete Solution
For All Type Industries
25
YEARS
OF EXCELLENCE
KUSUM CABLES AND WIRES PVT. LTD.
Add.: M-77, Sector-3, DSIIDC Indl. Area, Bawana, Delhi-110039
+91-9811335676, +91-9873121238
Best Compliments from:
Anand Kumar Kushal Gadhiya
airsoncables.com



## अध्यक्षीय स्वर

आध्यात्मिक जगत के प्रकाशस्तंभ, परम पावन महातपस्वी युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के पावन चरणों में नमन। वंदनीया साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुत विभाजी, श्रद्धेय मुख्य मुनि श्री महावीर कुमार जी, साध्वीवर्या संबुद्धयशाजी, तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनि श्री योगेश कुमार जी एवं दिल्ली में विराजित समस्त चारित्रत्माओं के श्री चरणों में श्रद्धासिक्त वंदन।

तेयुप दिल्ली के सर्व सम्माननीय परामर्शकगण, अभातेयुप कार्यसमिति सदस्यगण, सभी संस्थाओं के सम्मानित पदाधिकारीगण, श्रावक-श्राविका समाज एवं ऊर्जावान युवा साथियों, आप सभी का तेयुप दिल्ली के 57वें वार्षिक अधिवेशन में हार्दिक स्वागत, अभिनंदन।

तेयुप दिल्ली का अखिल भारतीय स्तर पर अपना एक विशिष्ट संगठन है। इसके अध्यक्ष का पद संभालना अपने आप में गौरव का भान है। 18 जून 2023 को अध्यक्ष पद के मनोनयन के उपरांत दिल्ली में विराजित चारित्रत्माओं के चातुर्मासिक मंगल प्रवेश के साथ अनेक कार्यक्रमों का सफलतम आयोजन हुआ।

इस वर्ष तेयुप दिल्ली की सबसे बड़ी उपलब्धियां रही आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल एवं आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सैंटर का लोकार्पण। इसके निर्माण में प्रभारी, सहप्रभारी व सभी कार्यकर्ताओं का अथक श्रम रहा, सभी के प्रति हार्दिक साधुवाद।

मैं आभारी हूँ धीर गंभीर व्यक्तिव के धनी श्री अमित डुंगरवाल, चिंतनशील श्री राकेश बैंगाणी, कर्मठ कार्यशील श्री सौरभ आंचलिया, आत्मीय सहयोगी श्री कुशाल गदैया, उर्जावान श्री शिवम छलाणी, सरलमना ह्रदय श्री प्रभात खटेड़ और प्रसन्नचित्त व्यक्तित्व श्री जिनेश जैन जैसे सक्षम साथियों का सहयोग मिला। कर्मशील निवर्तमान अध्यक्ष श्री विकास सुराणा का जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ निभाया।

परिषद् के सभी आयामों व प्रत्येक कार्यक्रम को संपादित करने में पूर्ण निष्ठा व निःस्वार्थ भाव से अपने श्रम को निहित करने वाले सभी प्रभारी, सह प्रभारी गण, संयोजक, सहसंयोजक गण, कार्यकारिणी सदस्य गण, योजना व समन्वय समिति के सदस्य गण, सहयोगी गण एवं सभी युवा साथियों की उत्साहपूर्ण सक्रिय सहभागिता से सभी आयोजन को सफल बनाने के लिए आप सभी का आभार वह कर्मठता के प्रति अनंत साधुवाद।

सभी परामर्शकगण, जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा दिल्ली, समस्त तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति ट्रस्ट, अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास, सभी क्षेत्रीय सभाओं, संघीय एवं सामाजिक संस्थाओं से प्राप्त सहयोग हेतु सादर आभार। समाज के उदारमना महानुभावों ने आर्थिक सहयोग कर परिषद् के कार्यों में गति व निश्चिंता प्रदान की, उनके प्रति हार्दिक धन्यवाद।

मैं पूज्य पिताजी श्री डालचंद चौरड़िया, मातुश्री श्रीमती संतोष देवी, जीवन संगिनी वर्षा, पुत्री विधी , पुत्र दक्ष एवं अनुज विनय का आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके आशीर्वाद और समर्थन से मुझे संघ सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मैं मेरे सभी मित्रगण का भी उनके द्वारा प्रदत्त सहयोग हेतु आभार व्यक्त करता करता हूं। विशेष आभार व्यक्त करना चाहूंगा, श्री विकास बोथरा एवं श्री सुरेंद्र तातेड़ का, जिनका परिषद् के कार्यों हेतु निःस्वार्थ सहयोग मेरे लिए अविस्मरणीय है।

कार्य करते हुए भूल हो जाना स्वाभाविक है। यदि मुझसे या किसी युवा साथी से कोई अविनय अशातना हुई हो या हम इंगित की आराधना न कर पाए हों तो पूज्य प्रवर व समस्त चारित्रात्माओं से करबद्ध क्षमायाचना।

आगामी कार्यकाल के भावी नेतृत्व के प्रति शुभ मंगलकामनाएं। आप सभी का समर्पण और सक्रिय सहयोग प्रतिक्षण परिषद् की गौरवशाली विकास यात्रा में सहभागी रहेगा।

गुरु आशीर्वाद से मैं सदैव संघ सेवा व परिषद् के विकास में संलग्न रहूं। अनंत-अनंत मंगलकामनाओं के साथ।

दिनांक : 16 जून 2024<br>
स्थान : अणुव्रत भवन

**विकास चौरड़िया**<br>
अध्यक्ष

# पदाधिकारियों की कलम से

परमपूज्य गुरूदेव आचार्यश्री महाश्रमण जी के पावन चरणों में वंदन।

तेरापंथ युवक परिषद् के अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने मुझे उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपकर धर्मसंघ की सेवा का अवसर प्रदान किया। इस महत्वपूर्ण भूमिका में कार्य करते हुए मुझे संतोष है कि मैंने अपनी क्षमतानुसार योगदान दिया।



**श्री राकेश बैंगाणी**
उपाध्यक्ष-1

आपने हम सभी पदाधिकारियों के साथ हर कार्य को क्रियान्वित करने हेतु हमारे अंदर पूर्ण जोश और शक्ति का संचार किया।

इस कार्यकाल के दौरान समाज सेवा एवं संघ प्रभावक अनेकों अयोजन परिषद् द्वारा किए गए इनमें से कुछ अति महत्त्वपूर्ण आयोजन तेयुप दिल्ली द्वारा समाज को समर्पित किए गए, जिनमें सक्रिय सहभागी बनने पर आत्मतोष की अनुभूति हुई हैं।

**1.** तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली का स्थाई प्रकल्प : आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल का सफल शुभारंभ।

**2.** मानवीय सेवा में समर्पित : आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर की स्थापना।

**3.** राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम : माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गरिमामय उपस्थिति में सकल जैन समाज द्वारा आयोजित 2550वां भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समारोह में सहभागिता।

इन उपलब्धियों के पीछे परिषद् के सभी सदस्यों का प्रत्यक्ष और परोक्ष सहयोग रहा। यदि मेरे द्वारा किसी कार्य को कराते हुए अथवा करते हुए कोई कमी रह गई हो या किसी को अप्रिय लगा हो, तो मैं सरल हृदय से क्षमायाचना करता हूँ।

सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक धन्यवाद एवं शुभकामनाएं।

आराध्य को वंदन..

किसी भी संस्था का प्राण तत्व होता है उसका संगठन एवं मजबूत संगठन के स्तंभ होते हैं उसके सभी कार्यकर्ता एवं उनकी क्षमता, जागरूकता, सकारात्मक सोच, नवचिंतन एवं समर्पण सेवा की भावना। उसका एक उदाहरण है तेरापंथ युवक परिषद् एवं उसके कार्यकर्ता।



**श्री सौरभ आंचलिया**
उपाध्यक्ष-2

चारित्रात्माओं की विशेष प्रेरणा से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मैंने जब उपाध्यक्ष के पद का दायित्व संभाला था तब मन में एक ही उमंग एवं उत्साह था कि आप सभी के विश्वास एवं परिषद् की जिम्मेदारियां को पूर्ण करते हुए एक कुशल कार्यकर्ता बनना है। इस कार्यकाल के दौरान मुझे बहुत कुछ नया सीखने को मिला एवं पद पर रहते हुए समाज के सभी वर्ग के व्यक्तियों को भी करीब से जाना एवं परिषद् को भी बहुत करीब से समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

मैंने अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया के नेतृत्व में संपूर्ण टीम के साथ दृढ़ संकल्प एवं समर्पण भावना से परिषद् के सभी प्रकार के आयामों पर कार्य करने का प्रयास किया। मैं तहेदिल से आप सभी साथियों के प्रति सहदय आभारी हूँ कि आप सभी ने पग-पग पर मेरा बहुत साथ दिया और आशा करता हूँ कि मैं आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरा हूँ। इस कार्यकाल के दौरान यदि मेरे आचरण और व्यवहार से किसी भी साथी के मन में ठेस पहुंची हो तो मैं आप सभी से शुद्ध अंतःकरण से बारंबार क्षमा याचना करता हूँ।

# पदाधिकारियों की कलम से



श्री कुशाल गदैया
सहमंत्री-1

तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम् अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के चरणों में कोटिशः नमन। दिल्ली की धरा पर विराजित सभी साधु-साध्वियों के चरणों में सभक्ति वंदना।

तेरापंथ धर्मसंघ एक सुसंगठित धर्मसंघ है और उसी का एक हिस्सा है तेरापंथ युवक परिषद्। इस परिषद् का हर युवा समाज, संघ एवं संघपति के प्रति अपनी श्रद्धा एवं समर्पण भाव के लिए विशेष स्थान रखता है। हमारे आचार्यों की असीम अनुकम्पा से तेरापंथ युवक परिषद् तेजी से अध्यात्म एवं सामाजिक विकास की ऊंचाइयों पर पहुंचने का प्रयास कर रहा है और इन्हीं प्रयासों में एक वर्ष पूर्व मुझे सहमंत्री प्रथम के रूप में इन्हीं ऊंचाइयों का हिस्सा बनने का मौका मिला। उस समय मन में बहुत सारी उथल-पुथल थी। मन में एक ही विचार था क्या में आप सबकी उम्मीद पर खरा उतर पाऊंगा या नहीं? मैं अपने अध्यक्ष महोदय श्री विकास चौरड़िया का आभार करता हूँ कि उन्होंने मुझे इस दायित्व के लायक समझा। मैंने हमारे अध्यक्ष एवं पूरी टीम की सकारात्मक सोच के साथ पूरे श्रद्धा, समर्पण, जागरुकता एवं सरलता से अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए कार्य करने का प्रयास किया है। मैं इसमें कहां तक सफल हुआ हूँ इसका निर्णय आप सबको करना हैं। मैं आप सब साथियों का हृदय से आभार ज्ञापित करता हूं जिन्होंने इस कार्यकाल में हमारा साथ दिया एवं इस कार्यकाल के दौरान अगर मेरी वाणी, कार्यों एवं व्यवहार से किसी साथी के दिल में ठेस पहुंची हो तो आप सभी से बारम्बार खमत खामणा करता हूँ।



श्री शिवम छलाणी
सहमंत्री-2

जैन धर्म की मंगलमय तीर्थंकर परंपरा का स्मरण करते हुए समता और समन्वय के संगम प्रकाश पुंज परम श्रद्धेय युग प्रधान महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमण जी के श्री चरणों में मेरा ससमर्पण वंदन, साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुत विभाजी, श्रद्धेय मुख्य मुनिश्री महावीर कुमार जी साध्वीवर्या साध्वीश्री संबुद्ध यशा जी, के चरणों में भक्ति भरा वंदन नमन। दिल्ली में विराजित सभी साधु साध्वी गण को मेरा शत-शत वंदन।

मैं अध्यक्ष महोदय के प्रति आभार ज्ञापित करना चाऊंगा जिन्होंने मुझे सहमंत्री के पद पर मनोनीत कर संघ सेवा करने का मौका दिया।

व्यक्तिगत अनुभव की बात करूं तो मेरे लिए सीखने को बहुत कुछ था समाज को और अधिक जानने और समझने का मौका मिला। मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं कि इतने अनुभवी अध्यक्ष के कार्यकाल में मुझे यह स्वर्णिम अवसर मिला। मंत्री महोदय का साथ बड़े भाई के रूप में सदैव याद रखूंगा। सभी पदाधिकारियों के साथ बिताया समय सदैव मेरे हृदय में रहेगा। आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर (एटीडीसी) से जुड़ने का मौका मिला और मैं समाज से आग्रह करूंगा कि सेवा के इस प्रकल्प में तन, मन और धन से अधिक से अधिक जुड़ने का प्रयास करें। तेयुप के त्रिआयामों का विशेष अनुसरण कर मैं परिपक्व बन पाया हूँ। मैं तेरापंथ समाज का सदैव ऋणी रहूंगा। इस सत्र में पूरे साल साथ देने वाले सभी साथियों का तहेदिल से धन्यवाद और जाने-अनजाने हुई भूल के लिए आप सभी से क्षमा याचना करता हूँ। आशा करता हूँ आने वाली नई टीम के नेतृत्व में तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे, आने वाली टीम के प्रति शुभकामनाएं, मंगल कामनाएं।

# पदाधिकारियों की कलम से



श्री प्रभात खटेड़
कोषाध्यक्ष

आराध्य को वंदन..

अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है कि यह एक वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मैं आभारी हूँ अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया का जिन्होंने एक छोटे से कार्यकर्ता को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया और मेरे हर छोटे बड़े कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। मैं बहुत भाग्यशाली हूँ मुझे ऐसे सरल मंत्री एवं कुशल पदाधिकारीगण मिले जिनका सहयोग व अपनापन हर समय मिलता रहा। आप सभी कार्यकर्ताओं के साथ कार्य करते हुए मुझे सदैव यह आभास हुआ कि मैं अपने परिवार के साथ हूँ। हम सभी ने एक टीम की तरह केंद्र निर्देशित सारे कार्य किए और काफी कुछ नया सीखने को मिला।

मैं आप सभी का धन्यवाद करना चाहूंगा और अपने द्वारा इस कार्यकाल में ज्ञात व अज्ञात रूप से हुई किसी भी भूल के लिए बारंबार खमत- खामणा करता हूँ।



श्री जिनेश जैन
संगठन मंत्री

आध्यात्म जगत के शिखर पुरुष गणाधिपति आचार्य श्री तुलसी द्वारा इंगित स्वप्न का लक्ष्य कर सेवा, संस्कार और संगठन की शक्ति जगाने के प्रयत्न में गतिशील युवाओं के संगठन का नाम है तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली। अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया ने इस प्रयत्नशील संगठन के संगठन मंत्री का दायित्व मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को दिया। आशा है मैं उनके विश्वास पर खरा उत्तरा हूँ। इस सत्र में समस्त प्रबंध मंडल व उर्जावान साथियों के साथ मिलकर अनेक युवाओं को संगठित कर मैंने अपना दायित्व निभाया है। विगत वर्ष में मेरे द्वारा इस कार्यकाल में कोई त्रुटि रही हो उसके लिए सभी से बारम्बार खमतखामणा करता हूँ।

# पदाधिकारियों की कलम से



**श्री विकास सुराणा**
निवर्तमान अध्यक्ष

महातपस्वी युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के पावन श्रीचरणों में सादर सभक्ति वंदना।

अभातेयुप की संघ समर्पित एवं सक्रिय शाखा श्रृंखला में एक प्रमुख शाखा परिषद है तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली और ऐसे संगठन का नेतृत्व करना सात्विक गौरव की अनुभूति कराता है।

प्रसन्नता का विषय है कि तेयुप दिल्ली अभातेयुप द्वारा निर्देशित सभी कार्यों को पुर्ण सजगता के साथ करने का प्रयास करती है।

तेयुप दिल्ली के पदाधिकारिगण एवं कार्यकर्तागण अपने सजग और संघ व संगठन के प्रति समर्पित है। आशा ही नहीं पुर्ण विश्वास है कि उनकी यह सजगता और समर्पण भविष्य में निरंतर प्रवर्धमान रहेगी।

तेयुप दिल्ली के उर्जावान अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया के कुशल नेतृत्व एवं कर्मठ मंत्री श्री अमित डुंगरवाल के सक्रिय निर्देशन में आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल एवं आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर जैसे स्थाई प्रकल्प का शुभारंभ कर अखिल भारतीय स्तर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनके इस सफल कार्यकाल की संपन्नता पर हार्दिक बधाई एवं आगामी टीम के यशस्वी कार्यकाल की हार्दिक मंगलकामनाएं।



bee Q EVENTS
www.beeqevents.in

# BeeQ Events

**FOOD IS OUR PASSION BUT EVENTS ARE OUR SPECIALITY**

## We Serves

- Wedding planner
- Birthday parties
- Catering (indoor & outdoor)
- Crockery service
- Rajasthani traditional sweets
- Hospitality services
- Mehndi & makeup art
- Transportation services
- Event (entertainment)
- Dance troops
- Theme parties
- Tent decoration
- Flower decorations
- Light decorations
- Venues invitations
- Accommodation

**Feel free to Contact Us**

**Rajeev Bengani**
+91 9810229382

**Sanjay Bothra**
+91 9810909076

4/7, Main Road 18 Quater, Vishwas Nagar, Delhi-32

info@beeqevents.com | www.beeqevents.in

## परामर्शक


श्री संजय खटेड़


श्री शांति जैन


श्री इन्द्र बैंगाणी


श्री अशोक संचेती


श्री मनोज बोरड़


श्री संजय संचेती


श्री संदीप डूंगरवाल


श्री संजीव जैन


श्री राजेश बैंगाणी ( अंकेक्षक )

## अभातेयुप सदस्य


श्री विकास सुराणा
संभाग प्रमुख , अभातेयुप


श्री आरूष बोथरा
समिति सदस्य, अभातेयुप


श्री अमित डुंगरवाल
समिति सदस्य, अभातेयुप

# योजना एवं समन्वय समिति


श्री सिद्धार्थ जैन


श्री अभिनन्दन बैद


श्री विकास सुराणा


श्री प्रदीप चौरड़िया


श्री कमल जैन


श्री अमित डागा


श्री अतुल जैन


श्री हिम्मत राखेचा


श्री प्रवीण जैन


श्री राजीव बैंगाणी


श्री अरविन्द सिंघी


श्री हेमराज राखेचा


श्री अशोक सिंघी


श्री आलोक लूनिया


श्री नितेश बैद


श्री सुचित फुलफगर


श्री आलोक जैन


श्री अमित सुखानी


श्री दिलीप संचेती


श्री विनय सुराणा


श्री प्रवीण वैद


श्री सम्राट आंचलिया

## क्षेत्रीय संयोजक



**श्री पवन पारख**
शाहदरा



**श्री पवन बैद**
सूर्य नगर



**श्री मिलन बोथरा**
गांधी नगर



**श्री प्रतीक गिड़िया**
लक्ष्मी नगर



**श्री करूण सेठिया**
दक्षिणी दिल्ली



**श्री शुभम जिन्दल**
रोहिणी



**श्री विशाल पगारिया**
पीतमपुरा



**श्री अरूण बुच्चा**
मानसरोवर गार्डन



**श्री अनुराग जैन**
शालीमार बाग



**श्री मुकेश छाजेड़**
शास्त्री नगर



**श्री शेखर दुगड़**
उत्तरी दिल्ली



**श्री राहुल बोथरा**
पश्चिम विहार



**श्री प्रतीक सुराणा**
मध्य दिल्ली

## किशोर मंडल



**श्री हर्ष पारख**
संयोजक



**श्री निशांत दूगड़**
सह-संयोजक



**श्री संयम आंचलिया**
सह-संयोजक

# क्षेत्रीय सह-संयोजक



श्री पवन बांठिया
शाहदरा



श्री नितिन हीरावत
शाहदरा



श्री सुशांत भंसाली
शाहदरा



श्री मनीष नाहर
सूर्य नगर



श्री मुकेश बोथरा
सूर्य नगर



श्री अंकित बोथरा
गांधी नगर



श्री करन सुखानी
गांधी नगर



श्री सुमित बोथरा
लक्ष्मी नगर



श्री आलोक बैद
मध्य दिल्ली



श्री तरूण बैद
मध्य दिल्ली



श्री लक्ष्य डुंगरवाल
दक्षिणी दिल्ली



श्री पारस गोलछा
दक्षिणी दिल्ली



श्री नवीन जैन
रोहिणी



श्री जयंत संचेती
पीतमपुरा



श्री यशवंत छल्लाणी
शालीमार बाग



श्री आयुष डूंगरवाल
मानसरोवर गार्डन



श्री विशाल सुराणा
उत्तरी दिल्ली



श्री अमित बैंगाणी
शास्त्री नगर



श्री सुनील सिंघी
शास्त्री नगर



श्री करण जैन
पश्चिम विहार

# प्रभारी

तेरापंथ किशोर मंडल

श्री अमित मिन्नी



Acharya Tulsi Diagnostic Centre Dental Care Dialysis Centre

Acharya Mahapragya Medicals

श्री पवन श्यामसुखा



श्री महिम चन्द बोथरा



श्री मनोज गंग



जैनं जयतु शासनम्

जैन संस्कार विधि

श्री मनीष बरमेचा



युवादृष्टि

श्री चन्द्रसेन श्यामसुखा



you have, you can...

MEGA BLOOD DONATION DRIVE

श्री मयंक दुगड़



नेत्रदान महादान

Eye Donation

श्री मनीष मालू



FIT HIT युवा

श्री मुदित लोढ़ा



सम्यक दर्शन कार्यशाला

श्री सौरभ कोठारी



# प्रभारी

Acharya Tulsi Jain Hostel

श्री मानस बोथरा



युवा वाहिनी

श्री सुनील छाजेड़



सरगम
सुरों का महासंग्राम

श्री अनुराग बोथरा



मीडिया

श्री भव्य बैंगाणी



प्रकाशन
ABTYP REPORTING

श्री प्रकाश सुराणा



JAIN TERAPANTH NEWS
JTN

श्री ऋषभ बैद



तपोयज्ञ

श्री दीपक नाहर



मैं हूँ
सामायिक
साधक

श्री मनीष पुगलिया



वित्त प्रभारी

श्री हेमंत बैद



TERAPANTH TASK FORCE

श्री निखिल भूतोड़िया



## सह-प्रभारी

तेरापंथ किशोर मंडल

श्री वर्धमान बांठिया



Acharya Tulsi
Diagnostic Centre
Dental Care
Dialysis Centre

Acharya Mahapragya
Medicals

श्री विनीत डूंगरवाल



जैनं जयतु शासनम्
जैन संस्कार विधि

श्री हितेश सुराणा



युवादृष्टि

श्री शशांक बैंगाणी



FIT HIT युवा

श्री योगेश पटावरी



सरगम
सुरों का महासंग्राम

श्री अक्षय खटेड़



ATJH
Acharya Tulsi Jain Hostel

श्री गौरव बच्छावत



## ज्ञानशाला सहयोगी



श्री आशीष मालू
पश्चिम विहार



श्री संदीप पुगलिया
गांधी नगर



श्री रवि सिंघल
सूर्य नगर



श्री प्रतीक गिड़िया
लक्ष्मी नगर



श्री नीरज जैन
शालीमार बाग



श्री कुश जैन
रोहिणी



श्री हर्ष सेठिया
शास्त्री नगर



श्री प्रतीक चिंडालिया
उत्तरी दिल्ली



श्री मनीष पटावरी
दक्षिणी दिल्ली



श्री हिमांशु लुणावत
शाहदरा



श्री विनय नाहटा
वसुंधरा

# सहयोगी



यश बोरड़
मानसरोवर गार्डन



श्री प्रिंस लोढ़ा
मानसरोवर गार्डन



श्री वेदांत कुहाड़
दक्षिणी दिल्ली



श्री मुदित चौरड़िया
दक्षिणी दिल्ली



श्री सुमित जैन
रोहिणी



श्री नितिन जैन
रोहिणी



श्री सिद्धार्थ छल्लानी
शालीमार बाग



श्री किशोर सेठिया
गांधी नगर



श्री प्रसन्न जैन
गांधी नगर



श्री ऋषभ सेठिया
गांधी नगर



श्री सचिन बैद
गांधी नगर



श्री चेतन गोलछा
लक्ष्मी नगर



श्री विनीत बोथरा
सूर्य नगर

श्री विकास बैद
सूर्य नगर



श्री महेन्द्र डागा
सूर्य नगर



श्री रोहित छाजेड़
सूर्य नगर



श्री अमित पारख
सूर्य नगर



श्री आशीष पुगलिया
सूर्य नगर



श्री अभिषेक सेठिया
सूर्य नगर



श्री हेमन्त बैद
शास्त्री नगर



श्री मयंक सिंघी
शास्त्री नगर



श्री अखिल सेठिया
शास्त्री नगर



श्री सुनील पुगलिया
शास्त्री नगर



श्री यश गोलछा
शास्त्री नगर



श्री रजत कोठारी
शास्त्री नगर



श्री विकास डागा
शाहदरा

# अ. भा. ते. यु. प. द्वारा अलंकृत दिल्ली के युवक

## युवक रत्न

| | |
|---|---|
| श्री नवरत्नमल दुगड़ | (1972) |
| श्री मांगीलाल सेठिया | (1981) |
| श्री कन्हैयालाल पटावरी | (1992) |
| श्री गणपत लाल जैन | (1994) |
| श्री के.सी. जैन | (1996) |
| श्री माणक सिंघी | (1997) |
| श्री सुखराज सेठिया | (2001) |
| श्री अशोक संचेती | (2001) |

## युवा गौरव

| | |
|---|---|
| श्री पुखराज सेठिया | (2001) |

## श्रेष्ठ कार्यकर्ता

| | |
|---|---|
| श्री आसकरण आंचलिया | (1999) |
| श्री प्रदीप संचेती | (2007) |
| श्री अरूण संचेती | (2008) |
| श्री इन्द्र बैंगाणी | (2011) |
| श्री अरविन्द गोठी | (2013) |

## आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार

| | |
|---|---|
| श्री ललित गर्ग | (2006) |
| श्री राजेश जैन 'चेतन' | (2009) |
| श्री प्रमोद घोड़ावत | (2011) |
| श्री इन्द्र बैंगाणी | (2018) |

## आचार्य महाश्रमण युवा व्यक्तित्व पुरस्कार

| | |
|---|---|
| डॉ. राजेश कुण्डलिया | (2013) |

# तेयुप दिल्ली द्वारा प्रदत्त अलंकरण

## युवक श्रेष्ठ

| | |
|---|---|
| श्री के. सी. जैन | (1996) |
| श्री सम्पत मल नाहटा | (1997) |
| श्री सुखराज सेठिया | (1998) |

# गौरवशाली विकास यात्रा

## अतीत से वर्तमान

| वर्ष | अध्यक्ष | मंत्री |
|---|---|---|
| 1967-70 | श्री फरजन कुमार जैन | संयोजक प्रणाली |
| 1970-72 | श्री विजय सिंह कोठारी | संयोजक प्रणाली |
| 1972-73 | श्री विजयराज सुराणा | संयोजक प्रणाली |
| 1973-76 | श्री सुरेश जैन | श्री जगत पटावरी |
| 1976-80 | श्री विजय भँवर बोरड़ | श्री जगत पटावरी |
| 1980-84 | श्री रमेश जैन | श्री शान्ति कुमार जैन |
| 1984-87 | श्री सम्पत कुमार सुराणा | श्री सम्पत मल नाहटा |
| 1987-88 | श्री संचय लाल डागा | श्री विमल सुराणा |
| 1988-90 | श्री सुखराज सेठिया | श्री छत्तर सिंह सिंघी |
| 1990-92 | श्री राजेन्द्र गिड़िया | श्री प्रदीप संचेती |
| 1992-94 | श्री पदम संचेती | श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया |
| 1994-95 | श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया | श्री प्रदीप संचेती |
| 1995-96 | श्री पन्नालाल लूनिया | श्री अरूण संचेती |
| 1996-97 | श्री हेमराज बैद | श्री डालमचन्द बैद |
| 1997-98 | श्री डालमचन्द बैद | श्री अरूण संचेती |
| 1998-99 | श्री निर्मल भंसाली | श्री प्रमोद घोड़ावत |
| 1999-2000 | श्री बाबूलाल भूतोड़िया | श्री प्रमोद घोड़ावत |
| 2000-2001 | श्री आसकरण आंचलिया | श्री संजय खटेड़ |
| 2001-2003 | श्री प्रमोद घोड़ावत | श्री भीखम चन्द सुराणा |
| 2003-2004 | श्री भीखमचन्द सुराणा | श्री संजय खटेड़, श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2004-2005 | श्री प्रदीप संचेती | श्री अशोक बुच्चा, श्री बिमल बैंगाणी |
| 2005-2006 | श्री संजय खटेड़ | श्री अरविन्द गोठी |
| 2006-2007 | श्री बिमल बैंगाणी | श्री राजेश बैंगाणी |
| 2007-2008 | श्री कैलाश डुंगरवाल | श्री राजीव बैंगाणी |
| 2008-2009 | श्री सुशील सिपानी | श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2009-2010 | श्री राजेश बरड़िया | श्री अभय सिंघी |
| 2010-2011 | श्री अशोक संचेती | श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2011-2012 | श्री सुभाष सेठिया | श्री गजेन्द्र दुधोड़िया |
| 2012-2013 | श्री गजेन्द्र दुधोड़िया | श्री प्रवीण बैंगाणी |
| 2013-2014 | श्री मनोज नाहर | श्री संदीप डुंगरवाल |
| 2014-2015 | श्री अशोक संचेती | श्री मनोज बोरड़ |
| 2015-2016 | श्री मनोज बोरड़ | श्री नितेश बैद |
| 2016-2017 | श्री कमल गांधी | श्री सुभाष दुगड़ |
| 2017-2018 | श्री राजेश भंसाली | श्री प्रमोद संचेती |
| 2018-2019 | श्री पुखराज लोढ़ा | श्री राकेश बैंगाणी |
| 2019-2020 | श्री संजय संचेती | श्री मुकेश बोरड़ |
| 2020-2021 | श्री प्रवीण डुंगरवाल | श्री विकास सुराणा |
| 2021-2022 | श्री विकास बोथरा | श्री सौरभ आंचलिया |
| 2022-2023 | श्री विकास सुराणा | श्री अभिनन्दन बैद |
| 2023-2024 | श्री विकास चौरड़िया | श्री अमित डुंगरवाल |



अमित डुंगरवाल

# प्रगति - प्रतिवेदन 2023-24

तेरापंथ के आद्यप्रवर्तक महामना आचार्यश्री भिक्षु के श्रीचरणों में श्रद्धा भरा वन्दन। वन्दन तेरापंथ की यशस्वी आचार्य परम्परा को। एकादशम अधिशास्ता महातपस्वी वीतराग कल्प आचार्यश्री महाश्रमण जी के पावन श्रीचरणों में सादर सभक्ति वंदन। मातृ हृदया साध्वीप्रमुखा श्री विश्रुत विभाजी, मुख्य मुनि प्रवर, साध्वी वर्याजी, तेयुप के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेश कुमार जी एवं दिल्ली में विराजित सभी चारित्रात्माओं के श्रीचरणों में सादर वन्दन।

सम्मानीय अध्यक्ष महोदय, अभातेयुप टीम के सदस्यगण, परामर्शकगण, पदाधिकारीगण, क्षेत्रीय संयोजक, क्षेत्रीय सह-संयोजक, प्रभारीगण, सह-प्रभारीगण, योजना एवं समन्वय समिति के सदस्यगण, कार्यसमिति सदस्यगण, क्षेत्रीय सहयोगी, सम्मानित श्रावक समाज एवं संघ-संघपति के प्रति पूर्ण समर्पित कर्मठ युवा साथियों।

सादर जय जिनेन्द्र

तेयुप दिल्ली के 57 वें वार्षिक अधिवेशन में आप सभी का हार्दिक स्वागत-अभिनंदन-अभिवादन।

आध्यात्मिक एवं सामाजिक दायित्व को संयुक्त रूप से निभाने, सदैव कार्य करते रहने की भावना को उत्साह के साथ मूर्त रूप देने, संघ एवं संघपति के प्रति पूर्ण समर्पण, गुरुदृष्टि की आराधना का अटल प्रण, संघीय नीतियों के प्रति संकल्पित मन एवं लक्ष्य के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ गतिशील तेरापंथ धर्म संघ के युवाओं का संगठन है अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् और उसकी अति विशिष्ट शाखा परिषदों में एक देश की राजधानी की परिषद् '**तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली**'। दिल्ली की युवा शक्ति कल्पना को आकार, चिंतन को मूर्त रूप, सपनों को साकार एवं कुछ न कुछ विशेष करके दिखाने की दिशा में संकल्पित होकर गुरू दृष्टि की आराधना करते हुए सेवा-संस्कार संगठन के त्रिआयामी उद्देश्यों की संप्राप्ति में निरंतर गतिशील है।

आलोच्य वर्ष 2023-24 में ऊर्जावान युवा साथियों के सक्रिय सहयोग एवं विभिन्न अवसरों पर विशिष्ट योगदान प्राप्त कर अनेकानेक धार्मिक, सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों में अपने दायित्व बोध एवं सक्रियता के साथ संलग्न है। परिषद् द्वारा आलोच्य सत्र में किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है :

With best compliments from :

*Sushil Kuhar* ★ *Suman Kuhar* ★ *Vedant Kuhar* ★ *Priya Kuhar*

# Luka®

**LIVE TO WEAR**

## Luka Fashion

### Jeans Manufacturers

**IX/ 6457, Mukherjee Gali, Gandhi Nagar, Delhi-110031**
**M : 9717894749, 9910036791**

## Navrang Fashions

Designer Exclusive
Sarees, Suit Dupattas & Dress Materials

Specialists in : Digital Prints, Gold Foil, Velvet, Laces etc.

**Email : navrangfashion@yahoo.com**
**Website : navrangfashion.com**

## 56वां वार्षिक अधिवेशन





तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली का 56वां वार्षिक अधिवेशन (सत्र 2022-23) एवं साधारण सभा का आयोजन श्री विकास सुराणा की अध्यक्षता में दिनांक 18 जून 2023 को अणुव्रत भवन में किया गया। परिषद् के परामर्शकगण, दिल्ली की विभिन्न संघीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं युवा साथी इस अवसर पर उपस्थित रहे। साधारण सभा में चुनाव अधिकारी श्री अशोक संचेती एवं सह-चुनाव अधिकारी श्री जय सिंह दुगड़ ने आगामी सत्र 2023-24 के अध्यक्ष हेतु श्री विकास चौरड़िया को मनोनीत किया।

## शपथ ग्रहण समारोह







तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के सत्र 2023-24 हेतु नव मनोनीत अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया के नेतृत्व में नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 07 जुलाई 2023 को जैन संस्कार विधि से तेरापंथ भवन, कृष्णा नगर, दिल्ली मे युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के आज्ञानुवर्ती उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार जी ठाणां-3 के सान्निध्य में आयोजित किया गया।

जैन संस्कारक श्री प्रकाश सुराणा, श्री पवन गिड़िया, श्री सौरभ आंचलिया, श्री विकास सुराणा, श्री संजय संचेती, श्री महेंद्र श्यामसुखा, श्री अशोक सिंघी, श्री राकेश पुगलिया, श्री विकास बोथरा, श्री नवीन जैन एवं श्री कुश जैन आदि संस्कारकों ने मंगल मंत्रोच्चार के साथ जैन संस्कार विधि से शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपादित करवाया।

निवर्तमान अध्यक्ष श्री विकास सुराणा ने नव मनोनीत अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया को शपथ ग्रहण करवाई। तत्पश्चात नव-मनोनीत अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया ने अपनी टीम की घोषणा की तथा उन्हें विधिवत शपथ दिलाई।

मुनिश्री ने नव गठित टीम को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि परिवार, समाज, देश और विश्व का उत्थान युवकों से ही हो सकता है। तेयुप संगठन अपने आप में गौरवशाली संगठन है जिसकी संरचना स्वयं आचार्य श्री तुलसी द्वारा की गई है। ऐसी संस्था का कार्यभार संभालना अपने आप में जितना गौरवशाली है, उतना ही चुनौतीपूर्ण होता है। आशा है आप अपने दायित्व का निर्वाह सजगता से कर सकेंगे।

इस अवसर पर महासभा के प्रतिनिधिगण, विभिन्न सभा संस्थाओं के सम्माननीय पदाधिकारीगण, पूर्व अध्यक्षगण, तेयुप के 100 से अधिक कार्यकर्ता एवं श्रावक श्राविका समाज की गरिमामय उपस्थिति रही।

# चातुर्मासिक मंगल प्रवेश

परम श्रद्धेय आचार्यश्री महाश्रमण जी ने दिल्ली के 6 क्षेत्रों में चारित्रात्माओं का चातुर्मास प्रदान कर दिल्ली वासियों पर महत्ती कृपा की।

सभी स्थानों पर चारित्रात्माओं के चातुर्मासिक मंगल प्रवेश पर जुलूस एवं अभिवंदना कार्यक्रम तथा व्यवस्थाओं में तेयुप के युवा साथियों ने पूर्ण सक्रियता के साथ अपने दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

| | दिनांक | चातुर्मास | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1) | 21 जून 2023 | उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार जी ठाणां-3 | तेरापंथ भवन, कृष्णा नगर |
| 2) | 27 जून 2023 | शासनश्री साध्वीश्री संघमित्रा जी ठाणां-5 | तेरापंथ भवन सेक्टर 5, रोहिणी |
| | | शासनश्री साध्वीश्री ललित प्रभा जी ठाणां-2 | तेरापंथ भवन सेक्टर 5, रोहिणी |
| 3) | 27 जून 2023 | शासनश्री साध्वीश्री रतनश्री जी ठाणां-5 | खिलौनी देवी धर्मशाला, पीतमपुरा |
| 4) | 29 जून 2023 | शासनश्री साध्वीश्री रविप्रभा जी ठाणां-5 | तेरापंथ भवन, मॉडल टाऊन (श्रावण-भाद्रव) |
| | 28 सितम्बर 2023 | शासनश्री साध्वीश्री रविप्रभा जी ठाणां-5 | तेरापंथ भवन, शास्त्री नगर (आसोज-कार्तिक) |
| 5) | 30 जून 2023 | साध्वीश्री अणिमाश्री जी ठाणां-5 | ओसवाल भवन, शाहदरा |
| 6) | 27 जून 2023 | साध्वीश्री डॉ. कुंदन रेखा जी ठाणां-4 | गोयल श्रद्धा निवास, ग्रीन पार्क |














# आध्यात्मिक अनुष्ठान

मंत्र जहाँ साधक के जीवन में आध्यात्मिकता का विकास करता हैं, वहीं आधि-व्याधि-उपाधि से निजात दिलाता है। मानसिक, शारीरिक कष्टों को भी काटता हैं। पारिवारिक सामाजिक माहौल में सौहार्द, सामंजस्य, मैत्री-प्रेम के प्रवाह को प्रवाहित करने में सहायक बनता हैं। इसी उद्देश्य से अनुष्ठान का महत्व समझते हुए उसे कैसे करना चाहिए एवं कब करना चाहिए- से श्रावक समाज को जागरूक करने के लिए विभिन्न आध्यात्मिक अनुष्ठान का आयोजन परिषद् द्वारा चारित्रात्माओं के सान्निध्य में किया गया।

## भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठान : साधना और भक्ति का संगम

भक्तामर स्त्रोत आचार्य मानतुंग की अमर रचना है जो आदिकाल से ही श्रावक-श्राविकाओं के बीच आस्था का केंद्र रहा है। दिल्ली में पिछले 7 वर्षो से परिषद् द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित भक्तामर स्त्रोत अनुष्ठानों ने इस आस्था को और भी पुष्ट किया है। ये अनुष्ठान साधकों को एकाग्रता, आत्म-विश्वास और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने मे भी सहायक होते हैं। इन अनुष्ठानों में साधु-साध्वियों के प्रेरणादायी प्रवचन, स्त्रोत का सामूहिक पाठ और मंत्रों का जाप श्रोताओं को भक्ति और आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित करता हैं।

### भक्तामर स्त्रोत की महिमा :

- यह स्त्रोत भगवान ऋषभदेव के प्रति भक्ति और समर्पण का प्रतीक है।
- इसके नियमित पाठ से आध्यात्मिक उन्नति, मानसिक शांति और जीवन में सकारात्मक बदलाव परिलक्षित होते हैं।
- यह स्त्रोत कष्टों का निवारण और वांछित मनोकामनाओं की पूर्ति करने में भी सहायक माना जाता है।

### आलोच्य सत्र में आयोजित भक्ताामर स्त्रोत अनुष्ठान

| दिनांक | सान्निध्य | स्थान |
|---|---|---|
| 23 जुलाई 2023 | शासनश्री साध्वीश्री संघमित्रा जी ठाणां-5 | तेरापंथ भवन, रोहिणी |
| 23 जुलाई 2023, | साध्वीश्री डॉ. कुन्दन रेखा जी ठाणां-4 | गोयल श्रद्धा निवास, ग्रीन पार्क |
| 5 अगस्त 2023 | साध्वीश्री अणिमा श्री जी ठाणां-5 | ओसवाल भवन, शाहदरा |
| 6 अगस्त 2023 | शासनश्री साध्वीश्री रविप्रभाजी ठाणां-5 | K-13, मॉडल टाउन |
| 8 अक्टूबर 2023 | शासनश्री साध्वीश्री रवि प्रभाजी ठाणां-5 | तेरापंथ भवन, शास्त्री नगर |









ओसवाल भवन में आयोजित अनुष्ठान कार्यक्रम में श्री सौरव कोठारी, तेरापंथ भवन रोहिणी में श्री पराग जैन, तेरापंथ भवन शास्त्री नगर में श्री अशोक बैद व श्री प्रवीण बैद का प्रायोजक के रूप में सहयोग प्राप्त हुआ, तदर्थ धन्यवाद।

## ख ) विशेष आध्यात्मिक अनुष्ठान

परिषद् द्वारा आयोजित विशेष आध्यात्मिक अनुष्ठान का आयोजन दिनांक 17 अगस्त, 2023 को उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार जी के सान्निध्य में तेरापंथ भवन, कृष्णा नगर मे किया गया। मुनिश्री ने इस अनुष्ठान में  लोगस्स, भक्तामर, उवसग्गहरं स्त्रोत व अनेक सिद्ध मंत्रों के जाप के साथ श्वास प्रेक्षा का प्रयोग करवाया। आत्म सिद्धि और कर्म निर्जरा के इस विशेष अनुष्ठान में करीब 450 श्रावक-श्राविकाओं ने आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।





## ग ) लोगस्स कल्प अनुष्ठान

### लोगस्स का महत्व-

लोगस्स 24 तीर्थंकरों की पावन स्तुति है। तीर्थंकरों की स्तुति करने का तात्पर्य है—वीतरागता की दिशा में प्रस्थान। स्तुति से कर्मों की निर्जरा होती है। भक्ति में शक्ति होती है। भक्ति से शक्ति का जागरण होता है। लोगस्स की साधना आत्म जागरण की साधना है।

### अनुष्ठान आयोजन

दिनांक 20 अगस्त, 2023 को तेरापंथ भवन, रोहिणी में शासनश्री साध्वीश्री संघमित्रा जी ठाणां-5 व शासनश्री साध्वीश्री ललित प्रभाजी ठाणां-2 के सान्निध्य में परिषद् के तत्वावधान में लोगस्स कल्प अनुष्ठान का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। साध्वीश्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा—जीवन जीने के लिए बैंक बैलेंस जितना जरूरी है उससे अधिक जरूरी ब्रेन बैलेंस रखना है। मंत्र जाप से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

इस अनुष्ठान में लगभग 250 दंपत्ति जोड़ों की उपस्थिति रही।





### निष्कर्ष :

परिषद् द्वारा आयोजित विभिन्न अनुष्ठान श्रावक-श्राविकाओं के लिए आध्यात्मिक उन्नयन के महत्वपूर्ण साधन बन गए हैं। इन अनुष्ठानों से लोगों में भक्ति और आध्यात्मिकता के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। वे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

### आभार :

सभी चारित्रात्माओं के प्रति हार्दिक कृतज्ञता, जिनका पावन सान्निध्य उपरोक्त अनुष्ठानों में परिषद् को प्राप्त हुआ। आभार सभी श्रावक-श्राविकाओं, कार्यकर्ताओं और कार्यक्रमों में उदारमना सहयोगियों, क्षेत्रीय सभाओं, एवं संघीय संस्थाओं का जिन्होंने इन अनुष्ठानों को सफल बनाने में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

# चातुर्मास एवं पर्युषण काल में सेवा उपासना एवं व्यवस्थाओं में दायित्व निर्वहन

विगत चातुर्मास काल में दिल्ली के सभी चातुर्मासिक स्थलों पर चारित्रात्माओं की सेवा-उपासना का सुअवसर परिषद् के साथियों को निरंतर प्राप्त हुआ। चातुर्मासिक प्रवास के समय परिषद् के सदस्यों ने सभी व्यवस्थाओं में जागरूकता का परिचय देकर सहभागिता निभाई।



पर्युषण पर्व एवं संवत्सरी महापर्व के अवसर पर दिनांक 12 सितंबर 2023 से 19 सितंबर 2023 तक दिल्ली के 6 स्थानों में विराजित चारित्रात्माओं के सान्निध्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में कर्मठ युवा साथियों ने दिल्ली सभा व क्षेत्रीय सभाओं की अपेक्षित व्यवस्थाओं को तत्परता से संभाल कर दायित्वों का सक्रियता के साथ निर्वहन किया। परिषद् द्वारा सभी स्थानों पर स्टॉल के माध्यम से अभातेयुप के आयामों की जानकारी दी गई। तेयुप, किशोर मंडल, तेरापंथ टाइम्स, युवादृष्टि, इंजीनियस युवा पत्रिका का सदस्यता अभियान भी चलाया गया। सहभागी बने सभी साथियों को कोटि-कोटि साधुवाद। सभी पदाधिकारियों द्वारा संवत्सरी महापर्व के पश्चात् सभी चारित्रात्माओं के दर्शन कर खमत-खामणा किया गया।

# 57वां अभातेयुप राष्ट्रीय अधिवेशन

## नवोदय

अभातेयुप वार्षिक अधिवेशन पूज्य प्रवर के पावन सान्निध्य में दिनांक 27, 28 एवं 29 अक्टूबर 2023 को मुंबई में आयोजित हुआ। इस अवसर पर दिल्ली परिषद् का प्रतिनिधित्व करते हुए तेयुप दिल्ली के पदाधिकारीगण सहित 10 सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई। अधिवेशन में परिषद् को एवं परिषद् के सदस्यों को विभिन्न आयामों के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

### तेयुप दिल्ली को प्राप्त सम्मान

1) 500+ सदस्यों वाली परिषदों में **संस्कार के क्षेत्र में** तेयुप दिल्ली को सत्र 2022-23 के लिए **द्वितीय स्थान** प्राप्त हुआ।

2) जैन संस्कार विधि द्वारा **सबसे अधिक कार्यक्रम संपादित** करवाने पर सम्मानित किया गया।

3) MBDD के अंतर्गत **रक्तदान अमृत स्मरणोत्सव में 11 से अधिक कैंप आयोजित** करने के लिए सम्मानित किया गया।

4) अभातेयुप द्वारा **सरगम-4 के तीसरे क्वार्टर फाइनल का आयोजन** करवाने के लिए सम्मानित किया गया।

5) अभातेयुप द्वारा आयोजित **उत्तरांचल स्तरीय जैन संस्कारक निर्माण कार्यशाला** करवाने के लिए सम्मानित किया गया।

6) अभातेयुप द्वारा निर्देशित **अखंड जाप में 24 घंटे का जप** कर परिषद् के विशेष श्रम हेतु सम्मानित किया गया।








## दिल्ली कार्यकर्ताओं का सम्मान

1) श्री जतन श्यामसुखा को अभातेयुप में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

2) पूर्व तेयुप दिल्ली अध्यक्ष व संस्कारक श्री प्रदीप संचेती को जैन संस्कार विधि की सर्वोच्च श्रेणी 'श्री' संस्कारक में सम्मिलित किया गया।

3) श्री विकास चौरड़िया (वर्तमान अध्यक्ष), श्री मयंक दुगड़ एवं श्री जतन श्यामसुखा को MBDD के अंतर्गत स्टेट कोऑर्डिनेटर के रूप में सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया।




4) श्री प्रकाश सुराणा, श्री मनीष बरमेचा को जैन संस्कार विधि के राज्य आयाम सहयोगी के रूप में सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया।

5) श्री मनोज मालू को नेत्रदान के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करने हेतु सम्मानित किया गया।





# अभातेयुप प्रतिनिधि यात्रा

अभातेयुप के अपनी शाखा परिषदों द्वारा संचालित हुई गतिविधियों व शाखा परिषदों की सार-संभाल हेतु समय-समय पर प्रतिनिधियों की यात्रा होती है। इसी क्रम में दिल्ली परिषद् की सार सभांल हेतु आलोच्य वर्ष में निम्न प्रतिनिधियों /पदाधिकारियों ने दिल्ली की यात्रा की।

1) दिनांक 15 जुलाई 2023 को अभातेयुप से तेयुप दिल्ली के प्रभारी श्री मनीष बाफना का दिल्ली आगमन हुआ। तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें सत्र 2022-23 का प्रगति-प्रतिवेदन प्रदान किया गया व परिषद् की विविध गतिविधियों की जानकारी दी एवं आगामी योजनाओं से अवगत कराया गया।



2) दिनांक 14 सितंबर 2023 को पर्युषण पर्व के तीसरे दिन अभिनव सामायिक कार्यक्रम में अभातेयुप राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पंकज डागा की सहभागिता रही तथा परिषद् के साथ अनौपचारिक बैठक ओसवाल भवन में आयोजित की गई।

3) दिनांक 14 दिसंबर 2023 को अभातेयुप के नवमनोनीत अध्यक्ष श्री रमेश डागा, उपाध्यक्ष श्री पवन मांडोत, महामंत्री श्री अमित नाहटा, कोषाध्यक्ष श्री नरेश सोनी, निवर्तमान अध्यक्ष श्री पंकज डागा व निवर्तमान कोषाध्यक्ष श्री भरत मरलेचा के दिल्ली आगमन पर परिषद् के पदाधिकारियों के साथ मिलना हुआ तथा उन्हें परिषद् की गतिविधियों से अवगत कराया गया।

4) दिनांक 13 अप्रैल 2024 को आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल के शुभारंभ के अवसर पर अभातेयुप महामंत्री श्री अमित नाहटा, सह-मंत्री श्री लक्की कोठारी, आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल प्रभारी श्री संदीप हिंगड़ व संभाग प्रमुख श्री विकास सुराणा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

5) दिनांक 21 अप्रैल 2024 को अभातेयुप अध्यक्ष श्री रमेश डागा व कोषाध्यक्ष श्री नरेश सोनी की भगवान महावीर मेमोरियल समिति द्वारा आयोजित 2550वां महावीर निर्वाण दिवस महोत्सव के उद्घाटन समारोह में उपस्थिति रही ।

6) दिनांक 19 मई 2024 को आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर के शुभारंभ के अवसर पर अभातेयुप अध्यक्ष श्री रमेश डागा, सह-मंत्री श्री लक्की कोठारी, ATDC सह-प्रभारी श्री ललित मेहर व संभाग प्रमुख श्री विकास सुराणा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# स्नेह मिलन कार्यक्रम

## स्नेह के रंग – अपनों के संग

दिनांक 24 दिसंबर, 2023, रविवार को तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा पटावरी फार्म हाउस, बख्तावारपुर अलीपुर में 'स्नेह मिलन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन के सभी सदस्यों, पारिवारिक जनों में परस्पर परिचय एवं आपसी सौहार्द को बढ़ाना था।

कार्यक्रम में लगभग 750 से अधिक सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने भाग लिया। स्नेह मिलन में विविध कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के साथ-साथ महामना भिक्षु की मासिक पुण्यतिथि पर संगीतमय प्रस्तुतियां भी हुई।

स्नेह मिलन कार्यक्रम हेतु श्री मनोज राजेश पटावरी परिवार ने स्थान प्रदान किया एवं आर्थिक सहयोग तेयुप दिल्ली के सदस्यों एवं उनके परिवार का रहा, तदर्थ सभी के प्रति हार्दिक धन्यवाद।

कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही भव्य और यादगार रहा। सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में अपना योगदान दिया। आयोजन की सफलता में कार्यक्रम संयोजक श्री मनीष जैन, श्री विनय लिंगा का अथक परिश्रम रहा। सभी क्षेत्रों के क्षेत्रीय सयोजकों, युवा साथियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा, तदर्थ सभी के प्रति साधुवाद।

















सेवा संस्कार संगठन










तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली
स्नेह मिलन










तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली
स्नेह मिलन


तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली
स्नेह मिलन




तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली



# आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल ( ATJH ) शुभारंभ समारोह

परिषद् के लिए हर्ष का विषय रहा कि दिनांक 13 अप्रैल 2024 को आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल का शुभारंभ शास्त्री नगर स्थित तेयुप तल में जैन संस्कार विधि द्वारा किया गया।

शासनश्री साध्वीश्री ललित प्रभा जी ने हॉस्टल का अवलोकन किया। साध्वीश्री जी ने इस अवसर पर अपना उद्‌बोधन प्रदान करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया व मंगल पाठ सुनाया।

कार्यक्रम में अभातेयुप महामंत्री श्री अमित नाहटा, अभातेयुप सह-मंत्री श्री लक्की कोठारी, अभातेयुप जैन हॉस्टल प्रभारी श्री संदीप हिंगड़, अभातेयुप पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान महासभा उपाध्यक्ष श्री संजय खटेड़, अभातेयुप पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान दिल्ली सभा अध्यक्ष श्री सुखराज सेठिया, श्री जोधराज बैद, श्री कमल सिंह खटेड़, तेयुप दिल्ली के पूर्व अध्यक्षगण, वर्तमान प्रबंध मंडल एवं कार्यकारिणी सदस्यों तथा समाज के गणमाननीय व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल उन युवाओं के लिए बनाया गया है जो शिक्षा प्राप्त करने के लिए दिल्ली आते हैं।

आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल हेतु उदारमना सहयोग श्री कमल सिंह प्रभात खटेड़ एवं श्री अनिल बैद (Pure Software Technologies Pvt. Ltd.) का प्राप्त हुआ। दोनों उदारमना सहयोगी परिवारों के प्रति हार्दिक धन्यवाद। जैन हॉस्टल शुभारंभ कार्यक्रम में श्री मानस बोथरा एवं श्री गौरव बच्छावत का अथक श्रम रहा, तदर्थ आभार।

























Acharya Tulsi
Diagnostic Centre
Dental Care
Dialysis Centre
AcharyaMahapragya
Medicals

# आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर

Acharya Tulsi
Diagnostic Centre
Dental Care
Dialysis Centre
AcharyaMahapragya
Medicals

## मानव सेवा का एक नया आयाम

मानवता के प्रति समर्पित एक महत्वपूर्ण पहल के तहत है—अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् का महनीय उपक्रम-आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर। मानवीय सेवाओं को समर्पित इस उपक्रम के अंतर्गत वर्तमान में देश भर में 75 से अधिक शहरों और कस्बों में यह सेंटर संचालित हो रहे हैं। इसी श्रृंखला में दिनांक 19 मई 2024 को तेयुप दिल्ली द्वारा अपने चिर-परिचित स्वप्न को मूर्त रूप देते हुए आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर का भव्य शुभारंभ जैन संस्कार विधि द्वारा किया गया।

## शुभारंभ समारोह

दिल्ली में स्थित शिवालिक, मालवीय नगर में श्री बी.सी. भंडारी परिवार द्वारा अनुदान स्वरूप प्राप्त भवन के तल में जैन संस्कार विधि द्वारा इस केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस शुभ अवसर पर परिषद् के अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया ने मुख्य अतिथि अभातेयुप अध्यक्ष श्री रमेश डागा, विशिष्ट अतिथि श्री महेन्द्र नाहटा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों और गणमान्य जनों ने डायग्नोस्टिक लैब का निरीक्षण किया और इसके सम्यक् संचालन हेतु परिषद् को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में परिषद् को अनेक अनुदान भी प्राप्त हुए।

## उद्देश्य

आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्देश्य दिल्ली के लोगों को रियायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। यह केंद्र प्रारंभिक चरण में विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करेगा, जिसमें रक्त परीक्षण और पैथोलॉजी लैब परीक्षण शामिल हैं

## केंद्र की विशेषताएं

आधुनिक उपकरण : केंद्र अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है जो सटीक और विश्वसनीय निदान सुनिश्चित करते हैं।

अनुभवी टेक्नीशियन : केंद्र में अनुभवी और कुशल लैब टेक्नीशियन की एक टीम है जो रोगियों को हर संभव देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रियायती मूल्य : केंद्र द्वारा रियायती मूल्य पर सेवायें प्रदान की जाती है ताकि यह सभी के लिए सुलभ हो।

आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर अपनी सेवाओं का विस्तार करने और दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक प्रमुख केंद्र बनाने की योजना बना रहा है। केंद्र द्वारा निकट भविष्य में निम्नलिखित सेवाएं शुरू करने की योजना भी है, जैसे-

- एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन जैसी अतिरिक्त नैदानिक सेवाएं जोड़ना
- दिल्ली के अन्य हिस्सों में केंद्र खोलना
- लोगों के लिए रियायती दरों पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना
- ओपीडी सेवाओं को शुरू करना ताकि लोग डॉक्टरों से परामर्श कर सकें
- स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली युवाओं का संगठन है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में मानवतावादी कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल है। आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर परिषद् की एक महत्वपूर्ण पहल है जो दिल्ली में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगी।








सेवा संस्कार संगठन



















Acharya Tulsi
Diagnostic Centre
Terapanth Yuvak Parishad Delhi
A Jain Social Charitable Organisation

# मंत्र दीक्षा

**पहला कदम श्रद्धा-समर्पण-त्याग की ओर**



भावी पीढ़ी को सुसंस्कारी बनाने हेतु आषाढ़ी पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंत्र दीक्षा (अभातेयुप निर्दिष्ट) कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 09 जुलाई 2023 को सभी चातुर्मासिक स्थलों पर किया गया।

इस वर्ष केंद्र द्वारा 8 से 9 वर्ष के बच्चों को मंत्र दीक्षा प्रदान करवाने का निर्देश था। दिल्ली में कुल 42 बच्चों को मंत्र दीक्षा प्रदान की गई। कार्यक्रम में बच्चों को मंत्र दीक्षा पुस्तक व माला वितरित की गई। संयोजक श्री राकेश लोढ़ा के श्रम के प्रति आभार।

# व्यक्तित्व विकास कार्यशाला

PERSONALITY DEVELOPMENT WORKSHOP

## दायित्व बोध कार्यशाला





नवगठित कार्य समिति के आयाम प्रभारी एवं क्षेत्रीय संयोजक व सह-संयोजको के लिए दायित्व बोध कार्यशाला का आयोजन दिनांक 21 जुलाई 2023 को परिषद् परिसर, शास्त्री नगर में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवा सदस्यों में संगठन के प्रति दायित्व और धार्मिक दृष्टिकोण के बारे में अधिक जागरूक बनाना था। सदस्यों को विभिन्न धार्मिक गतिविधियों, संगठन से संबंधित दायित्वों और सेवा भावना के महत्त्व के बारे में विविध अवधारणाएं समझाई गई, जिससे सदस्यों को आपसी सहयोग, विचार विनिमय और समस्याओं के समाधान में नव दृष्टिकोण प्राप्त हुआ।

कार्यशाला के अंतर्गत मुख्य वक्ता श्री इंद्र बैंगाणी (पूर्व मंत्री तेयुप दिल्ली व आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित) ने सदस्यों को समय-प्रबंधन, संगठन कौशल, संगठन एवं समाज के प्रति दायित्व बोध के बारे में बताया व आत्मविश्वास को बढ़ाने और समस्याओं का समाधान प्राप्त करने के लिए सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया।

# बारह व्रत कार्यशाला

**बारह व्रत कोई बंधन नहीं,**
**बल्कि बंधन तोड़ने में सहायक है।**
**अपने व्यक्तित्व में निखार लाने का एक माध्यम है।**
**केवल जैन / तेरापंथी अनुयायी बनना नहीं,**
**बल्कि एक श्रावक बनने का उपक्रम है-बारह व्रत।**



दो शब्द है—श्रावक और अनुयायी। सामान्यतः इन्हें एकार्थक माना जाता है पर इनमें बड़ा अंतर है। अनुयायी का अर्थ होता है—पीछे चलने वाला और श्रावक का अर्थ है—व्रत ग्रहण करने वाला।

परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी की विशेष प्रेरणा है कि अधिक से अधिक श्रावक व श्राविकाएं बारह व्रत धारण करें। आचार्य प्रवर के दिशा निर्देश की अनुपालना करते हुए अभातेयुप द्वारा निर्देशित बारह व्रत कार्यशाला का आयोजन परिषद् द्वारा दिल्ली में विराजित चारित्रत्माओं के सान्निध्य में हुआ।

दिनांक 29 जुलाई 2023 को तेरापंथ भवन-रोहिणी, तेरापंथ भवन-मॉडल टाउन, ओसवाल भवन-शाहदरा, तेरापंथ भवन-गांधीनगर, गोयल श्रद्धा निवास-ग्रीन पार्क व दिनांक 30 जुलाई 2023 को खिलौनी देवी धर्मशाला-पीतमपुरा में परिषद् द्वारा श्रावक-श्राविका समाज में बारह व्रत पुस्तक का वितरण किया गया तथा ऑनलाइन लिंक व फार्म के माध्यम से संकल्प पत्र भरने हेतु प्रेरित किया।

आलोच्य वर्ष में 200 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने बारह व्रती बनने का संकल्प ग्रहण किया।

# जैन संस्कार विधि

**अपने संस्कार-अपनी विधि**

जैन संस्कृति के अनुरूप आयोजित होने वाले मांगलिक कार्यों का विधिवत प्रकल्प है-जैन संस्कार विधि। यह विधि संयम, आस्था एवं सादगी की त्रिवेणी है। जैनत्व के प्रति हमारी आस्था का भाव पुष्ट हो, जीवन में संयम एवं सादगी हो तथा अहिंसा के प्रति हमारी सजगता एवं जागरूकता हो, यही इस विधि का मुख्य ध्येय है।


मांगलिक कार्यों को जैन संस्कार विधि से संपादित करने हेतु जन मानस को प्रोत्साहित करने एवं जैन संस्कार विधि के प्रचार प्रसार में तेयुप दिल्ली सतत् प्रयत्नशील है।

**''आध्यात्मिक शक्ति जागृत हो, जैन संस्कार विधि समाहित हो''**

क) जैन संस्कार विधि के प्रचार-प्रसार एवं इसको घर-घर में पहुंचाने में जैन संस्कारक अपना श्रम एवं समय नियोजित कर रहे हैं। तेयुप दिल्ली का भी यह सौभाग्य है कि वर्तमान में 39 संस्कारक अपनी सेवाएं समाज को प्रदान कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में सबसे अधिक संस्कारक दिल्ली क्षेत्र में हैं।

ख) आलोच्य वर्ष में परिषद् द्वारा अनेकानेक मांगलिक कार्यक्रम जैन संस्कार विधि से संपादित किये गये। इसमें मुख्य रूप से उल्लेखनीय रहे—वात्सल्य पीठ शिलान्यास समारोह, आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल शुभारंभ, आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेन्टर शुभारम्भ कार्यक्रम। परिषद् द्वारा इस सत्र में 233 कार्यक्रम जैन संस्कार विधि से संपादित किये गये, जिनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

## कार्यक्रम चार्ट



ग) संस्कारकों द्वारा प्रति माह सबसे अधिक कार्यक्रम संपादित करवाने पर उन्हें स्टार परफॉर्मर की उपाधि से संबोधित किया जाता है। इस वर्ष स्टार परफॉर्मर संस्कारों की सूची इस प्रकार है-

| माह | स्टार परफार्मर |
|---|---|
| जून | श्री सौरभ आंचलिया |
| जुलाई | श्री मनीष बरमेचा |
| अगस्त | श्री अशोक सिंघी |
| सितंबर | श्री विकास बोथरा |
| अक्टूबर | श्री मनीष छलाणी |
| | श्री विकास बोथरा |
| नवंबर | श्री महेन्द्र श्यामसुखा |
| दिसंबर | श्री मनीष बरमेचा |

| माह | स्टार परफार्मर |
|---|---|
| जनवरी से मार्च | श्री पवन गिड़िया |
| | श्री मनीष छलाणी |
| | श्री प्रकाश सुराणा |
| | श्री हेमराज राखेचा |
| | श्री अशोक सिंघी |
| अप्रैल | श्री मनीष बरमेचा |
| मई | श्री महेन्द्र श्यामसुखा |















## रक्षाबंधन कार्यशाला

अभातेयुप के तत्वावधान में परिषद् द्वारा रक्षाबंधन कार्यशालाओं का आयोजन विभिन्न चार्तुमासिक स्थलों पर चारित्रात्माओं के सान्निध्य में किया गया। जैन संस्कारकों ने बड़े ही सुंदर एवं व्यवस्थित तरीके से भाई-बहनों के जोड़ों को जैन संस्कार विधि के महत्व को समझाते हुए रक्षाबंधन किस प्रकार जैन संस्कार विधि से मनाया जाए? जैन संस्कार विधि का विश्लेषण करते हुए विभिन्न मंगल मंत्रो के उच्चारण एवं सरल डेमो द्वारा प्रस्तुत किया गया। तेयुप साथियों द्वारा उपस्थित जैन संस्कारक व सभी भाई बहनों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। चारित्रात्माओं ने भी इस अवसर पर अपना प्रेरक उद्‌बोधन प्रदान किया। कार्यशाला आयोजन का विवरण निम्न प्रकार है :-

| दिनांक | सान्निध्य | स्थान |
|---|---|---|
| 21 अगस्त 2023 | साध्वीश्री डॉ. कुन्दन रेखा जी ठाणां-4 | गोयल श्रद्धा निवास, ग्रीन पार्क |
| 26 अगस्त 2023 | उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार जी ठाणां-3 | तेरापंथ भवन, कृष्णा नगर |
| 26 अगस्त 2023 | शासनश्री साध्वीश्री संघमित्रा जी ठाणां-5 | तेरापंथ भवन, रोहिणी |
| 26 अगस्त 2023 | शासनश्री साध्वीश्री रतन श्री जी ठाणां-4 | खिलौनी देवी धर्मशाला, पीतमपुरा |
| 28 अगस्त 2023 | साध्वीश्री अणिमा श्री जी ठाणां-5 | ओसवाल भवन, शाहदरा |
| 29 अगस्त 2023 | शासनश्री साध्वीश्री रविप्रभाजी ठाणां-5 | तेरापंथ भवन, मॉडल टाउन-2 |





## दीपावली पूजन कार्यशाला

अभातेयुप के निर्देशन में तेयुप दिल्ली द्वारा दीपावली पूजन कार्यशाला का आयोजन चारित्रात्माओं के सान्निध्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक नमस्कार महामंत्र से हुआ। तेयुप साथियों ने विजय गीत का संगान किया। संस्कारकों द्वारा दीपावली पूजन की विस्तृत जानकारी प्रदान की। संघीय संस्थाओं के पदाधिकारीगणों एवं संपूर्ण समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी स्थानों पर जैन संस्कार विधि की लघु संस्करण किताब परिषद् द्वारा उपलब्ध कराई गई।

| दिनांक | सान्निध्य | स्थान |
|---|---|---|
| 5 नवम्बर 2023 | शासनश्री साध्वीश्री रविप्रभा जी ठाणां-5 | तेरापंथ भवन, शास्त्री नगर |
| 5 नवम्बर 2023 | शासनश्री साध्वीश्री रतनश्री जी ठाणां-5 | गोयल आस्था भवन, शालीमार बाग |
| 6 नवम्बर 2023 | साध्वीश्री अणिमाश्री जी ठाणां-5 | ओसवाल भवन, विवेक विहार |
| 10 नवम्बर 2023 | शासनश्री साध्वीश्री संघमित्रा जी ठाणां-5 | तेरापंथ भवन, रोहिणी |
| 11 नवम्बर 2023 | उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार जी ठाणां-3 | तेरापंथ भवन, कृष्णा नगर |





## कार्यकारिणी बैठकों में सामूहिक जन्म दिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ

आलोच्य वर्ष की कार्यकारिणी बैठकों में कार्यकारिणी सदस्यों का जन्म दिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ सामूहिक रूप से जैन संस्कार विधि द्वारा मनाया गया।

## जैन संस्कार विधि उपलब्धियाँ

1. तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा जैन संस्कार विधि से देश भर में सबसे अधिक कार्यक्रम संपादित करवाने पर जून, अगस्त, सितम्बर एवं नवम्बर माह में स्टार परफॉर्मर परिषद् बनी।

2. तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली से धी संस्कारक श्री विकास बोथरा द्वारा देश-विदेश में सितम्बर माह में जैन संस्कार विधि द्वारा सर्वाधिक कार्यक्रम संपादित कर स्टार परफॉर्मर संस्कारक बने।

# सांस्कृतिक

## भिक्षु धम्म जागरण

**भक्ति ऐसी हो कि धड़कन बन जाये।**
**साँस भी लो तो याद भिक्षु की आये।।**
**भिक्षु नाम का नशा ऐसा आँखों में छाये।**
**कि आँखे बंद हो तो भी बस भिक्षु ही नजर आये।।**

तेयुप द्वारा महामना आचार्यश्री भिक्षु की प्रत्येक मासिक पुण्य तिथि (शुक्ल पक्ष त्रयोदशी) के पावन अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में भिक्षु धम्म-जागरण का आयोजन किया गया। इसमें समाज के अनेकानेक उदयमान गायक-गायिकाओं को महामना आचार्यश्री भिक्षु को भावांजलि देने हेतु मंच प्रदान किया गया। इन आयोजनों को भव्य, भक्तिमय व संगीतमय बनाने के लिए प्रभारी श्री अनुराग बोथरा, सह-प्रभारी श्री अक्षय खटेड़, सभी क्षेत्रीय संयोजकों एवं कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय श्रम रहा। सभी के प्रति बहुत-बहुत साधुवाद, आभार।

दिनांक - 01 जुलाई 2023
स्थान - रामप्रस्थ (गाजियाबाद)

दिनांक - 31 जुलाई 2023
स्थान - खिलौनी देवी धर्मशाला, पीतमपुरा
सान्निध्य - 'शासनश्री' साध्वीश्री रतनश्री जी

दिनांक - 29 अगस्त 2023
स्थान - तेरापंथ भवन, पश्चिम विहार

दिनांक - 27 सितंबर 2023
स्थान - ओसवाल भवन, शाहदरा
सान्निध्य - साध्वीश्री अणिमाश्री जी

दिनांक - 27 अक्टूबर 2023
स्थान - तेरापंथ भवन, कृष्णा नगर
सान्निध्य - 'उग्रविहारी' 'तपोमूर्ति' मुनिश्री कमल कुमार जी

दिनांक - 25 नवंबर 2023
स्थान - तेरापंथ भवन, रोहिणी
सान्निध्य - 'शासनश्री' साध्वीश्री संघमित्रा जी, 'शासनश्री' साध्वीश्री ललित प्रभा जी

दिनांक - 24 दिसंबर 2023
स्थान - पटावरी फॉर्म, बख्तावरपुर

दिनांक - 23 जनवरी 2024
स्थान - तेरापंथ भवन, शास्त्री नगर

दिनांक - 22 फरवरी 2024
स्थान - तेरापंथ भवन, मानसरोवर गार्डन

दिनांक - 22 मार्च 2024
स्थान - गोयल आस्था भवन, शालीमार बाग
सान्निध्य - 'शासनश्री' साध्वीश्री रतनश्री जी

दिनांक - 21 मई 2024
स्थान - गोयल श्रद्धा निवास, ग्रीन पार्क
सान्निध्य - साध्वीश्री डॉ. कुन्दन रेखा जी







## तप अनुमोदना

दिल्ली परिषद् की भजन मंडली द्वारा चातुर्मासिक काल में दिल्ली के सभी क्षेत्रों में 100 से अधिक कार्यक्रम किए गए तथा 150 से अधिक तपस्वियों के तप की अनुमोदना की गई। सांस्कृतिक प्रभारी श्री अनुराग बोथरा, सह-प्रभारी श्री अक्षय खटेड़, सभी संगायक एवं तेयुप भजन मंडली टीम का बहुत-बहुत आभार।

## सरगम डुएट सेमी फाइनलिस्ट प्रैक्टिस सेशन

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा आयोजित सरगम प्रतियोगिता के सेमी फाइनल में दिल्ली से अपना स्थान बनाने वाली तीनों जोड़ियों के लिए परिषद् द्वारा विशेष अभ्यास सत्र खिलौनी देवी धर्मशाला, पीतमपुरा में दिनांक 31 जुलाई 2023 को रखा गया। श्रावण शुक्ल त्रयोदशी के धम्म जागरण में उनकी विशिष्ट प्रस्तुति रही। परिषद् द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



## वात्सल्य पीठ शिलान्यास समारोह

वात्सल्य पीठ शिलान्यास समारोह के भव्य कार्यक्रम के आयोजन पर दिनांक 26 अगस्त 2023 को उपस्थित परिषद् के सभी सदस्यों द्वारा भिक्षु ऑडिटोरियम, अध्यात्म साधना केंद्र, महरौली में आयोजित कार्यक्रम में उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार जी एवं साध्वीश्री अणिमा श्री जी द्वारा रचित गितिकाओं से शासन माता के प्रति स्वरांजलि दी गई।

## वर्षीतप अनुमोदना

परिषद् द्वारा दिनांक 8 मई 2024 को ओसवाल भवन, शाहदरा में साध्वीश्री संगीतश्री जी ठाणां-4 के सान्निध्य में सामूहिक वर्षीतप अनुमोदना के कार्यक्रम में सहभागिता रही।



## भिक्षु चरमोत्सव कार्यक्रम

महामना आचार्यश्री भिक्षु के 221वें चरमोत्सव दिवस पर परिषद् द्वारा दिनांक 27 सितंबर 2023 को ओसवाल भवन, शाहदरा में **'भिक्षु स्वाम : थे ही म्हारा राम'** भव्य भक्ति संगीत संध्या का आयोजन साध्वीश्री अणिमाश्री जी के सान्निध्य में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ साध्वीश्री अणिमाश्री जी के मंगल उद्‌बोधन के साथ हुआ। साध्वीश्री जी ने आचार्यश्री भिक्षु के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे आचार्य भिक्षु ने बचपन से ही धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में गहरी रुचि रखी और 1803 में दीक्षा ग्रहण कर अपना जीवन जैन धर्म के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया।

मुम्बई से समागत सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती मीनाक्षी भूतोडिया और श्री विराग मधुमालती ने भक्ति रस से ओतप्रोत भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। श्रोताओं ने तन्मयता से भजनों का आनंद लिया और महामना आचार्य भिक्षु को श्रद्धा भाव से नमन किया।

यह कार्यक्रम श्रावक समाज के बीच अत्यंत लोकप्रिय रहा। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए तेयुप को इसके सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में धर्मसंघ की विभिन्न सभा-संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं श्रावक-श्राविका समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही।

परिषद् द्वारा आयोजित यह भव्य कार्यक्रम आचार्यश्री भिक्षु के जीवन और उनके आदर्शों को याद करने का एक सार्थक अवसर था। कार्यक्रम हेतु उदारमना सहयोग श्री शांतिलाल संजय पारख व श्री दीपक मनीष नाहर से प्राप्त हुआ। दोनों ही प्रायोजक परिवार के प्रति हार्दिक आभार। संयोजक श्री प्रियंक दुगड़ के श्रम के प्रति आभार।














# Prestige Homz

**Builder | Promoter | Consultant**



- Sale ✓
- Purchase ✓
- Rent ✓
- Construction ✓
- Collaboration ✓

**For Delhi, Noida, Ghaziabad, Tronica City**

**Industrial Plots : Baghpat, Dasna, Noida & Greater Noida**



**Ashok Sancheti**
**9810116283**

**Deepanshu Sancheti**
**9873546691**

**Head Office : Shop : 13 & 14, B-Block Market, Surya Nagar, Ghaziabad, (UP)**

**Branch Office : 9/106, Shastri Gali, Vishwas Nagar, Delhi-32**

# सम्यक् दर्शन कार्यशाला

जैन विद्या कार्यशाला

अभातेयुप एवं समण संस्कृति संकाय के संयुक्त तत्वावधान में सम्यक् दर्शन कार्यशाला का आयोजन दिनांक 7 अगस्त 2023 से 21 अगस्त 2023 तक संपूर्ण भारतवर्ष में किया गया। कार्यशाला की परीक्षा का आयोजन 10 सितंबर 2023 को ऑनलाइन माध्यम से संबोधि एप पर किया गया।

सम्यक् दर्शन कार्यशाला के बैनर का अनावरण दिल्ली के सभी चातुर्मासिक स्थलों पर किया गया। इस वर्ष कार्यशाला का आधार आचार्यश्री महाप्रज्ञ जी की आध्यात्मिक कृति **'शरीर और आत्मा'** रही। कार्यशाला में कुल 168 रजिस्ट्रेशन हुए। सभी प्रतिभागियों को रियायती मूल्य पर पुस्तक उपलब्ध कराई गई। सम्यक् दर्शन कार्यशाला प्रभारी श्री सौरभ कोठारी एवं सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं का आभार जिनके अथक श्रम से कार्यशाला का आयोजन सफल हो सका। कार्यशाला के प्रायोजक के रूप में श्री विकास बाफना का सहयोग रहा, तदर्थ हार्दिक आभार।

# फिट युवा हिट युवा

FIT HIT युवा

'पहला सुख निरोगी काया'—इस सुक्ति को ध्यान में रखते हुए तेयुप युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक बनाए रखने हेतु 'फिट युवा हिट युवा' आयाम संचालित करती है। इसके अन्तर्गत युवाओं को योगाभ्यास, ध्यान आदि को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी जाती है। युवा चुस्त-दुरुस्त कैसे रहे? इसका प्रशिक्षण इस उपक्रम के अन्तर्गत देने का प्रयास किया जाता है।

आलोच्य वर्ष में तेयुप द्वारा विभिन्न स्थानों पर युवा साथियों के लिए 'फिट युवा हिट युवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

1) 21 अगस्त 2023 - गांधीनगर
2) 14 अक्टूबर 2023 - सूर्य नगर
3) 24 अक्टूबर 2023 - शास्त्री नगर
4) 24 दिसंबर 2023 - बख्तावरपुर
5) 25 मई 2024 - आचार्य महाप्रज्ञ पार्क, विवेक विहार







# तपोयज्ञ

**निज धन के उपयोग से, जो करे लोक कल्याण।**
**नित धन के उपयोग से, करे द्रव्य यज्ञ महान।।**
**निज कर्मों को त्याग कर, ईश्वर में खो जाए।**
**तपोयज्ञ उस आत्मा का, सर्व सफल हो जाए।।**

## तप में सहभागिता

इस वर्ष तपोयज्ञ का शुभारंभ दिनांक 18 जुलाई 2023 को तेरापंथ भवन, कृष्णा नगर में विराजित उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार जी की विशेष प्रेरणा से तपस्वी मुनिश्री नमिकुमार जी की 35 की तपस्या के अवसर पर 61 युवा साथियों द्वारा पचरंगी तप, उपवास, सामायिक नवरंगी आदि में सहभागी बन तप की अनुमोदना से हुआ। इस उपक्रम को सफल बनाने में गांधी नगर क्षेत्रीय संयोजक श्री मिलन बोथरा का सराहनीय सहयोग रहा।

## एक दिन एक युवक एक उपवास / एक दिन दो युवक दो उपवास

31 जुलाई 2023 से 19 सितंबर 2023 तक युवकों द्वारा प्रत्येक दिन एक युवक के उपवास से किया गया। किंतु परिषद् के सदस्यों के उत्साह को देखते हुए इसे एक दिन दो युवक दो उपवास में परिवर्तित किया गया। व्रत संकल्प साधना में युवा साथियों का उत्साह ऐतिहासिक रहा। इस उपक्रम के तहत युवकों द्वारा 51 दिनों में 191 उपवास किए गए।

## दीक्षा कल्याण महोत्सव पर 51 से अधिक तप भेंट

आचार्यश्री महाश्रमण जी की विशेष अनुकंपा से इस वर्ष 7 सिंघाड़ो का चातुर्मास दिल्ली के 6 क्षेत्रों में रहा। सभी चारित्रात्माओं की प्रेरणा से आचार्यश्री महाश्रमण जी के 51वें दीक्षा कल्याण महोत्सव पर 51 सदस्यों द्वारा तपस्या करवाने का लक्ष्य रखा गया। चारित्रात्माओं की प्रेरणा से परिषद् के सदस्यों में तपस्या की एक लहर सी चली। परिषद् के 55 सदस्यों द्वारा तेले और तेले से ऊपर की तपस्या की गई।

## अखंड जाप



आचार्यश्री भिक्षु के 221वें चरमोत्सव पर अभातेयुप द्वारा संचालित अखंड जप के अंतर्गत परिषद् द्वारा दिनांक 24 सितंबर 2023 सायं 7:00 बजे से 25 सितंबर 2023 सायं 7:00 बजे तक सामायिक के साथ "ॐ भिक्षु-जय भिक्षु" का जप किया गया। इसमें परिषद् एवं किशोर मंडल सदस्यों द्वारा 107 सामायिक की गई। अखंड जप में किशोर मंडल की विशेष सहभागिता रही। ज्ञातव्य है कि अभातेयुप द्वारा 24 घंटे का अखंड जप करने वाली कुछ विशिष्ट परिषदों में से एक दिल्ली परिषद् का विशेष उल्लेख कर सम्मानित किया गया।

## प्रभु पार्श्व प्रणति

जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर दिनांक 6 जनवरी 2024 को अभातेयुप द्वारा निर्देशित प्रभु पार्श्व प्रणति के उपलक्ष में त्याग, तपस्या, उपवास व सामायिक आदि प्रत्याख्यान से परिषद् के सदस्यों द्वारा प्रभु पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक का उत्सव मनाया गया।

## युवा दिवस

युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी का जन्म दिवस, पट्टोत्सव, 51वां दीक्षा कल्याणक दिवस (युवा दिवस) के रूप में सम्पूर्ण भारतवर्ष में 17-22 मई 2024 को आयोजित किया गया। अभातेयुप के निर्देशन में तेयुप दिल्ली द्वारा श्रद्धावर्धक सामायिक जप अनुष्ठान का कार्यक्रम रखा गया। ऑनलाइन माध्यम से भी परिषद् के सदस्यों द्वारा संकल्पों के माध्यम से पूज्यप्रवर की अभ्यर्थना की गई। परिषद् द्वारा आचार्यश्री महाश्रमण जी के प्रेरक संदेश बैनर के साथ होर्डिंग द्वारा दिल्ली के प्रमुख स्थानों पर लगाकर प्रचार-प्रसार किया गया।

## आभार :

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली तपस्वी श्रावक-श्राविकाओं एवं युवा साथियों के तप की अनुमोदना करते हुए सभी के आध्यात्मिक विकास की मंगलकामना करती है।

मैं हूँ सामायिक साधक

मैं हूँ सामायिक साधक

मैं हूँ सामायिक साधक

## अभिनव सामायिक : समता की साधना का अनूठा प्रयोग

दिनांक 14 सितंबर 2023 को पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के तीसरे दिन सामायिक दिवस पर परिषद् द्वारा अभिनव सामायिक का आयोजन दिल्ली के सभी चातुर्मासिक स्थलों पर किया गया।

ओसवाल भवन, शाहदरा के प्रांगण में साध्वीश्री अणिमा श्री जी के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में अभातेयुप अध्यक्ष श्री पंकज डागा की गरिमामय उपस्थिति रही। सभी स्थानों पर चारित्रात्माओं द्वारा अभिनव सामायिक का प्रयोग करवाया








गया। युवा साथियों एवं श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सामायिक दिवस पर दिल्ली में 4136 सामायिक संख्या दर्ज की गई। सामायिक साधना हेतु मुखवस्त्रिका का वितरण श्री जोधराज हेमंत राजीव बैद के सहयोग से किया गया, बैद परिवार के प्रति हार्दिक आभार।

## अभिनव सामायिक फेस्टिवल ( उत्सव विश्व मैत्री का )

पूरे देश में एक समय, एक साथ, एक सामायिक, एक संदेश के भाव के साथ अभातेयुप निर्देशित अभिनव सामायिक फेस्टिवल का आयोजन परिषद् द्वारा नव वर्ष के प्रथम रविवार, दिनांक 7 जनवरी 2024 को निम्न स्थानों पर किया गया–

| **सान्निध्य** | **स्थान** |
| --- | --- |
| उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनिश्री कमल कुमार जी ठाणां-3 | अध्यात्म साधना, केंद्र महरौली |
| शासनश्री साध्वीश्री संघमित्रा जी ठाणां-5 | तेरापंथ भवन, रोहिणी |
| शासनश्री साध्वीश्री ललित प्रभा जी ठाणां-3 | तेरापंथ भवन, रोहिणी |
| शासनश्री साध्वीश्री रतनश्री जी ठाणां-5 | गोयल आस्था भवन, शालीमार बाग |
| साध्वीश्री डॉ. कुंदन रेखा जी ठाणां-3 | गोयल श्रद्धा निवास, ग्रीन पार्क |

अभिनव सामायिक फेस्टिवल के माध्यम से जैन एकता की भावना के लिए प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। चारित्रात्माओं द्वारा अलग-अलग प्रयोग के समायोजन के साथ व्यवस्थित रूप से अभिनव सामायिक का प्रयोग कराया गया।



## शनिवारीय सामायिक

**गुरु आज्ञा का करे जो पालन, सच्चा श्रावक कहलाता।**
**गुरु दृष्टि का बन आराधक, भवसागर वह तर जाता।।**
**इसीलिए नहीं करना है, गुरु आज्ञा पर सोच विचार।**
**शनिवार की करें सामायिक, सात से आठ मिल सपरिवार।।**
**एक सामायिक, नेक सामायिक।।**

परिषद् द्वारा गुरु इंगित की आराधना करते हुए प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे तक सामायिक करने हेतु तेयुप सदस्यों एवं श्रावक समाज को जागरूक व प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश प्रेषित किए गए।

नेत्रदान महादान — Eye Donation

## नेत्रदान

नेत्रदान महादान — Eye Donation

**जीवन के साथ रक्त दान-जीवन के बाद नेत्रदान, इन से बढ़कर नहीं है कोई महादान।।**

आलोच्य वर्ष में 22 नेत्रदान के कार्य सम्पन्न किए गए। नेत्रदान प्रभारी श्री मनीष मालू की जागरूकता एवं श्रमशीलता हेतु हार्दिक धन्यवाद। साथ ही आभार परिषद् के कार्यकर्ताओं का जिन्होंने जागरूकता पूर्वक सभी सूचनाओं को आई डोनेशन के पुष्पांजलि ग्रुप में संप्रेषित किया, जिसके कारण समय से पारिवारिक जनों से संपर्क साधा गया। आभार गुरु नानक आई सेंटर व डॉ. श्रॉफ आई सेंटर के अतुल्य सहयोग हेतु जो परिषद् को निरंतर प्राप्त हो रहा है।

सभी नेत्रदाताओं के उत्तरोत्तर विकास की मंगलकामनाएं। इस वर्ष के नेत्रदाताओं की सूची इस प्रकार है :-

| | |
|---|---|
| 1) स्व. चन्दा देवी | 23 जून 2023 |
| 2) स्व. रतनी देवी | 27 जून 2023 |
| 3) स्व. लक्ष्मी बैद | 6 जुलाई 2023 |
| 4) स्व. बिरधी चन्द कोटेचा | 20 जुलाई 2023 |
| 5) स्व. सरोज मालू | 17 सितम्बर 2023 |
| 6) स्व. केसरी चन्द संचेती | 1 अक्टूबर 2023 |
| 7) स्व. मोहन लाल गंग | 4 अक्टूबर 2023 |
| 8) स्व. अमराव चन्द बोरड़ | 1 नवम्बर 2023 |
| 9) स्व. रणजीत कुचेरिया | 5 नवम्बर 2023 |
| 10) स्व. मैना देवी बैद | 15 नवम्बर 2023 |
| 11) स्व. सुशील बोरड़ | 15 नवम्बर 2023 |
| 12) स्व. रोशनी जैन | 9 दिसम्बर 2023 |
| 13) स्व. कुसुम देवी मुकीम | 22 जनवरी 2024 |
| 14) स्व. शांति देवी दुगड़ | 27 जनवरी 2024 |
| 15) स्व. छत्तर सिंह पारख | 12 फरवरी 2024 |
| 16) स्व. किशन लाल बैद | 26 फरवरी 2024 |
| 17) स्व. विमला देवी डागा | 10 अप्रैल 2024 |
| 18) स्व. इच्छू देवी मालू | 19 अप्रैल 2024 |
| 19) स्व. छगन लाल बोथरा | 27 अप्रैल 2024 |
| 20) स्व. झुमर मल गेलड़ा | 16 मई 2024 |
| 21) स्व. गिन्नी देवी कोठारी | 22 मई 2024 |
| 22) स्व. किरण देवी जैन | 12 जून 2024 |




आप सभी को यह जानकारी देते हुए अत्यंत गौरव की अनुभूति हो रही है कि दिनांक 1 सितंबर 2023 को गुरु नानक आई सेंटर द्वारा तथा 12 अक्टूबर 2023 को डॉ. श्रॉफ आई बैंक द्वारा परिषद् को नेत्रदान में किए गए कार्यों के लिए प्रमाण-पत्र व प्रतिक चिन्ह से सम्मानित किया गया।




## मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव ( MBDD )

**''रक्तदान है सबसे ऊंचा, इसके जैसा दान है ना दूजा''**

विश्व की सर्वाधिक रक्तदाता संस्था अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् की विशिष्ट परिषद् तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली, सेवा के महनीय उपक्रम MBDD (रक्तदान) में पूर्ण सजगता से कार्य कर रही हैं।

प्रभारी श्री मयंक दुगड़ की तत्परता एवं रक्तदाताओं की जागरूकता से तेयुप दिल्ली जरूरतमंदों को रक्त की आपूर्ति सुगमता से उपलब्ध करवाने को तत्पर हैं।

### अमृत रक्तदान समरणोत्सव

अभातेयुप निर्देशित अमृत रक्तदान समरणोत्सव का आयोजन तेयुप दिल्ली द्वारा 25 सितम्बर 2023 से 1 अक्टूबर 2023 तक किया गया। इस उपक्रम के तहत परिषद् द्वारा 12 रक्तदान शिविर एवं जनवरी माह में 3 शिविरों का आयोजन किया गया।









## परिषद् द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर :

| क्र.सं. | कैंप का नाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | सफदरजंग हॉस्पिटल | 25 सितम्बर 2023 |
| 2. | सूरजमल कॉलेज, जनकपुरी | 25 सितम्बर 2023 |
| 3. | राजीव गांधी हॉस्पिटल | 26 सितम्बर 2023 |
| 4. | सोलाबोट टेक्नालॉजी प्रा. लि. | 26 सितम्बर 2023 |
| 5. | भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. | 28 सितम्बर 2023 |
| 6. | इस्बाह फैशन, ओखला | 29 सितम्बर 2023 |
| 7. | मोबाईल मार्केट, नेहरू प्लेस | 29 सितम्बर 2023 |
| 8. | नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा | 30 सितम्बर 2023 |
| 9. | डी.पी.एम.आई. इन्स्टीट्यूट, न्यू अशोक नगर | 30 सितम्बर 2023 |
| 10. | स्वामी दयानन्द हॉस्पिटल, शाहदरा | 30 सितम्बर 2023 |
| 11. | तेरापंथ भवन, रोहिणी | 01 अक्टूबर 2023 |
| 12. | फोर्टीस हॉस्पिटल, शालीमार बाग | 01 अक्टूबर 2023 |
| 13. | के.एल.जे. ग्रुप, मोती नगर | 02 जनवरी 2024 |
| 14. | जियोनिक्स इंटरनेशनल प्रा. लि., ओखला | 03 जनवरी 2024 |
| 15. | खाटू श्याम धाम, दिल्ली | 20 जनवरी 2024 |

इन शिविरों में युवा साथियों ने अपने श्रम और समय का सुनियोजन कर इस उपक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। सभी कार्यकर्ताओं के सदैव सहयोग की अपेक्षा के साथ हार्दिक आभार।

## ब्लड डोनेशन ऑन कॉल

परिषद् मानव सेवा को समर्पित महनीय कार्य रक्तदान (MBDD ON CALL) के अंतर्गत आवश्यकता पड़ने पर या किसी भी अस्पताल और ब्लड बैंक से त्वरित मांग आने पर अपने युवा रक्तदाताओ के सक्रिय सहयोग से, दिल्ली एनसीआर में यथासंभव रक्त की आपूर्ति हेतु, समग्र मानव समाज के लिए सदैव सक्रिय एवं अग्रणी पंक्ति में रहता है और इस प्रयोजन में प्रत्येक समर्पित रक्तदाता के साथ-साथ हमारे कर्मठ सदस्य श्री मुकेश बोथरा, श्री निलेश बैद, श्री सुनील छाजेड़, श्री सुनील गिड़िया, श्री कमल दुगड़ एवं श्री मुदित लोढ़ा के साथ-साथ पूर्व तेयुप अध्यक्ष श्री विकास बोथरा का सराहनीय सहयोग सदैव रहता है।

हम साधुवाद देते है हमारे समर्पित सभी रक्तवीरों का जिन्होंने इस महनीय सेवा में अपने अतुलनीय योगदान से परिषद् का गौरव बढ़ाया है। विशेष आभार श्री अनुराग बोथरा, श्री हनुमान बोथरा, श्री योगेश पटावरी, श्री मुदित श्यामसुखा, श्री राजीव बैंगाणी एवं श्री प्रतीक चिण्डालिया का जिन्होंने वर्ष पर्यन्त में 2 या 2 बार से अधिक रक्तदान किया।



# उपलब्धियां

रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं उत्कृष्ट सेवाओं हेतु समय समय पर भारत के विशिष्ट संस्थानों, विश्व स्तरीय हॉस्पिटल्स एवं भारत सरकार के विभागों द्वारा परिषद को सराहना एवं शुभकामनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता रहा है।

## APPRECIATION LETTERS



ROTARY BLOOD BANK



APPRECIATION LETTER

Blood Centre, Safdarjung Hospital likes to extend warm regards to The NGO "Terapanth Yuvak Parishad Delhi" an NGO committed to Social Welfare & community service for being a significant partner with our esteemed Blood Centre in conducting successful Voluntary Blood Donation Camps.

We appreciate your patient, encouraging and sincere efforts in arranging donors, also felicitating and motivating them as future non - remunerated blood donors. We have received 100 nos. of donations in the year 2023.

Looking forward for future collaboration for more camps.

(Dr. Sunil Rana)
Head of Deptt. & Consultant
Blood Centre

VMCC & SAFDARJUNG HOSPITAL




PITAMPURA BLOOD BANK

## ~AWARDED BY~

**DELHI STATE AIDS CONTROL SOCIETY**
**STATE BLOOD CELL (GOVT. OF NCT DELHI)**







**विशेष :**

- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा प्रति वर्ष रक्तदान शिविर की सहमति।
- KLJ ग्रुप द्वारा दिल्ली व आगरा में प्रति वर्ष रक्तदान शिविर की सहमति।

**MBDD आयोजन में वर्ष पर्यन्त उदारमना सहयोग हेतु ABCI ABCI INFRASTRUCTURES PVT LTD के प्रति हार्दिक आभार।**




## युवादृष्टि व इंजिनियस युवा पत्रिका सदस्यता अभियान

**युग की धारा को मोड़ दे,**
**चिंतन के प्रवाह को मोड़ दे,**
**सुख पतझड़ को बसंत कर दे,**
**नित नए विचारों से जीवन सवार दे।**
**ऐसा एक मात्रा साथी 'युवादृष्टि'**

अभातेयुप द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'युवादृष्टि' व युवा पाठकों के लिए अंग्रेजी भाषा में संपादित नव पत्रिका 'इंजिनियस युवा', दोनों का सदस्यता अभियान परिषद द्वारा पर्युषण पर्व पर चलाया गया एवं सदस्य बनाए गए। प्रभारी श्री चन्द्रसेन श्यामसुखा एवं सह-प्रभारी श्री शेशांक बैंगानी के अथक प्रयासों के लिए बहुत-बहुत साधुवाद।

दोनों पत्रिकाओं की सदस्यता के शुल्क में विशेष रियायत पाठकों को मिल सके, इस हेतु उदारमना सहयोग श्री गोपाल चंद दिनेश सुरेश बोथरा से प्राप्त हुआ, तदर्थ हार्दिक आभार।

## मीडिया रिपोर्टिंग

परिषद् द्वारा संपादित सभी कार्यक्रमों की जानकारी अभातेयुप के साथ-साथ संपूर्ण श्रावक समाज को मिल सके इस हेतु सुचारू रिपोर्ट तैयार कर साप्ताहिक मुखपत्र तेरापंथ टाइम्स व जैन तेरापंथ न्यूज चैनलों के माध्यम से प्रेषित करने का कार्य किया गया। इन सबको संपादित करने में अभातेयुप रिर्पोटिंग प्रभारी श्री प्रकाश सुराणा व जैन तेरापंथ न्यूज प्रभारी श्री ऋषभ बैद का अथक श्रम रहा। आप दोनों के प्रति बहुत-बहुत आभार।

# युवा वाहिनी

## गुरुदेव विहार सेवा

आचार्य प्रवर की विहार सेवा के अन्तर्गत रास्ते की सेवा एवं देश भर में विचरण करने वाले चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा का महत्वपूर्ण दायित्व तेरापंथ युवक परिषद् निर्वहन करता है। युवा वाहिनी के अन्तर्गत सदस्य आचार्य प्रवर की अहिंसा यात्रा एवं चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा में सहभागी बनते हैं और जागरुकता के साथ दायित्व का निर्वहन करते हैं। इस आयाम के माध्यम से युवकों को पूज्यप्रवर तथा चारित्रात्माओं की निकट सेवा का सौभाग्य प्राप्त होता है तथा उन्हें एक श्रावक के रूप में साधुचर्या की रीति-नीति के बारे में आवश्यक ज्ञान एवं जानकारी प्राप्त होती है।

युवा वाहिनी के अन्तर्गत तेयुप दिल्ली को दिनांक 26 अप्रैल 2024 से 28 अप्रैल 2024 तक पूज्य गुरुदेव की त्रिदिवसीय रास्ते की सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तेयुप द्वारा बीड (महाराष्ट्र) से हीरापुर (महाराष्ट्र) तक 35 किलोमीटर की सेवा का लाभ लिया। इस दौरान युवा साथियों ने अभातेयुप द्वारा संचालित सत्कार चौका सेवा में भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान की।

गुरु दर्शन सेवा के साथ-साथ युवा साथियों ने निकटतम पर्यटक स्थलों का भी भ्रमण किया।




















## चारित्रात्माओं के रास्ते की सेवा-उपासना

संघ सेवा में सदैव तत्पर और तैयार रहती है धर्मसंघ की युवाशक्ति। चारित्रात्माओं के रास्ते की सेवा-उपासना के माध्यम से दिल्ली तेयुप के युवा साथियों ने अपना आध्यात्मिक विकास किया, साथ ही संघीय दायित्वों को भी सजगता से निभाया। इस वर्ष परिषद् के सदस्यों ने लगभग 1180 कि.मी. की विहार सेवा का लाभ लिया।

सेवा-उपासना में सहभागी बने, सभी युवा साथियों का साधुवाद।








## स्वतंत्रता दिवस



दिनांक 15 अगस्त 2023 को तेयुप के तत्वावधान में किशोर मंडल द्वारा स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन ओसवाल भवन, शाहदरा में किया गया। साध्वीश्री अणिमा श्री जी (ठाणां-5) के मंगलपाठ के पश्चात सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने मिलकर तिरंगा फहराया।

रोहिणी तथा गांधी नगर क्षेत्र में सभा द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भी तेयुप के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।



## सदस्यता अभियान



संस्था को नित नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने में योगभूत बनते हैं उसके सदस्य। परिषद् के युवा साथियों ने अपनी कर्मजा शक्ति का सम्यक् उपयोग करते हुए परिषद् को विकास की नई दिशा में अग्रसर किया है।




संघ प्रभावना में श्रीवृद्धि एवं संघ सेवा के लिए हम सभी का दायित्व है कि 21 से 45 वर्ष की आयु के तेरापंथी युवकों को परिषद् का सदस्य बनाकर संघ की गतिविधियों में सक्रियता से सहभागी बनाएं। आलोच्य सत्र में परिषद् की कुल सदस्य संख्या इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| 2022-23 के आधार पर प्राप्त आजीवन सदस्य सूची | | 1265 |
| आलोच्य वर्ष में सदस्यता मुक्त (45 वर्ष) सदस्य | (-) | 64 |
| आलोच्य वर्ष में दिवंगत सदस्य | (-) | 1 |
| | | 1200 |
| आलोच्य वर्ष 2023-24 में आजीवन सदस्य बने | (+) | 72 |
| कुल आजीवन सदस्य | | 1272 |

## सार-संभाल साथियों की



संगठन को मजबूत करने एवं साथियों की सार संभाल करने के लक्ष्य से परिषद् के सदस्यों द्वारा समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्रों में 'सार-संभाल' साथियों के अंतर्गत चाय पर चर्चा की गई एवं परिषद् के सदस्यों के जन्मदिन पर नव उपक्रम के अंतर्गत सदस्यों द्वारा उनके घर जाकर नमस्कार महामंत्र का जाप कर उन्हें उनके जन्मदिवस पर शुभकामना दी गई तथा परिवार के युवा साथियों को मुख्य धारा से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। परिवारों द्वारा इस उपक्रम को खूब सराहा गया।

तेयुप के नए सदस्य बनाकर संगठन को सुदृढ़ बनाने का सलक्ष्य प्रयास भी किया गया।







OSWAL MARBLES
WALK AROUND LUXURY

For every home that needs a FOREVER!



SANDEEP DUNGARWAL
+91-9810321131

LAKSHAY DUNGARWAL
+91-9818350816

SikanderpurMarbleMarket,MGRoad(opp.metropillarno.20),Gurugram,Haryana- 122002

PlotNo.13,Sector34,Gurugram,Haryana- 122004

www.oswalmarble.com

## कार्यकारिणी बैठकें



परिषद् के त्रिआयामी उद्देश्यों की प्राप्ति, सदस्यों में आपसी समन्वय, विचारों के आदान प्रदान तथा सामूहिक संघीय कार्यों को संपादित करने के लक्ष्य से समय-समय पर कार्यसमिति की बैठकें आयोजित कर परिषद् के चहुँमुखी विकास की योजना एवं कार्यक्रमों का निर्धारण किया जाता है। आलोच्य वर्ष में कार्यकारिणी की आठ (08) बैठकें आयोजित की गई, जिनमें कई महत्वपूर्ण योजनाएं बनी व क्रियान्वित की गई। परिषद् के कार्यों को अधिक गति देने के उद्देश्य से समय-समय पर प्रबन्ध-मंडल की बैठकों का आयोजन भी किया गया।

## आगम मंथन प्रतियोगिता

आगम मंथन प्रतियोगिता के अंतर्गत काफी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 2644 प्रतियोगियों ने पहले चरण में हिस्सा लिया। इनमें से 561 सदस्यों को दूसरे चरण में प्रवेश मिला। दिल्ली से परिषद् में अभातेयुप रिपोर्टिंग प्रभारी श्री प्रकाश सुराणा ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे चरण में प्रवेश किया।

## दिल्ली सभा एवं क्षेत्रीय सभाओं में प्रतिनिधित्व

गणाधिपति पूज्य गुरुदेव श्री तुलसी तेरापंथ युवक परिषद् को कार्यकर्ताओं की फैक्ट्री कहा करते थे। आज हम गौरव के साथ कह सकते हैं दिल्ली सभा हो या क्षेत्रीय सभा प्रत्येक स्थान पर परिषद् के भूतपूर्व सदस्य तो सक्रिय है ही, साथ ही वर्तमान के सदस्य भी सभी संस्थाओं में प्रतिनिधित्व करते हुए पूर्ण सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। सभी के शुभ भविष्य हेतु मंगलकामनाएँ।

## आचार्य महाप्रज्ञ पार्क

प्रेक्षा प्रणेता युगप्रधान आचार्यश्री महाप्रज्ञ जी की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में तीन एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले आचार्य महाप्रज्ञ पार्क को संयुक्त रूप से तेयुप व टीपीफ द्वारा संचालित किया जा रहा है। पार्क के सौंदर्यीकरण का दायित्व श्री विनय लिंगा पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर रहे हैं। इनके साथ तेयुप के कार्यकर्ताओं का निष्ठापूर्ण श्रम भी उल्लेखनीय है। सभी के श्रम हेतु हार्दिक साधुवाद।

## संघीय कार्यक्रमों में सहभागिता

तेरापंथ धर्म संघ में दिल्ली का महत्वपूर्ण स्थान है। यहां की सभी संघीय संस्थाएं समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं। सभी महत्वपूर्ण संघीय कार्यक्रमों में तेयुप दिल्ली की सक्रिय भूमिका रहती है। सभी स्थानीय सभा संस्थाओं के साथ तेयुप के सदस्य हर आयोजन में पूर्ण जागरूकता एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्व का सम्यक् नियोजन करते हैं।

## ज्ञानशाला संचालन

भावी पीढ़ी में संस्कार निर्माण का माध्यम है ज्ञानशाला। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, दिल्ली द्वारा संचालित तथा तेयुप एवं समस्त तेममं के सहयोग से दिल्ली में 13 केंद्रों पर ज्ञानशाला का संचालन किया जा रहा है। सभी व्यवस्थाओं में परिषद् के कार्यकर्ता सहयोग कर सेवा व संस्कार के इस महनीय उपक्रम में अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। दिल्ली सभा के तत्वाधान में नियोजित होने वाले इस महनीय उपक्रम में सेवा प्रदान करने वाले परिषद् के कार्यकर्ता के रूप में दिल्ली ज्ञानशाला प्रभारी श्री महिम बोथरा व श्री मनोज गंग एवं समस्त ज्ञानशाला सह प्रभारियों ने पूर्ण निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। सभी को बहुत-बहुत साधुवाद।










## बैंकुठी यात्रा व्यवस्था संबंधी दायित्व

दिल्ली में संपन्न हुए संथारो की बैकुंठी यात्रा में तेयुप दिल्ली की सहभागिता रही। युवा साथियों ने व्यवस्था संबंधी सभी दायित्वों का जागरूकता से निर्वहन किया। इस वर्ष हुए संथारों का विवरण इस प्रकार है–

1. स्व. तुल्छा देवी कोठारी - 21 जून 2023
2. स्व. त्रिशला देवी जैन - 17 अगस्त 2023
3. स्व. शांति देवी जैन - 5 सितंबर 2023
4. स्व. अमराव देवी सेठिया - 19 फरवरी 2024
5. स्व. प्रिया बरड़िया - 13 मार्च 2024
6. स्व. मोर देवी कोचर - 17 मार्च 2024
7. स्व. मुल्तानी देवी संचेती - 14 मई 2024

## जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ संदेश

परिषद् के सभी सदस्यों को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु जन्म दिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ संदेश व्यक्तिगत एवं कार्यकारिणी समूह में प्रेषित करने का क्रम निरंतर संचालित किया जा रहा है, जिससे सदस्यों में आपसी समन्वय तथा प्रमोद भावना वृद्धिंगत हुई। आलोच्य सत्र में परिषद् के ऊर्जावान संगठन मंत्री श्री जिनेश जैन ने इस दिशा में पूर्ण सजगता से कार्य किया, तदर्थ हार्दिक साधुवाद।

## भगवान महावीर 2550वां निर्वाण महोत्सव-भारत मंडपम

भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष में भगवान महावीर मेमोरियल समिति द्वारा आयोजित चारों जैन संप्रदायों का कार्यक्रम संयुक्त रूप से भारत मंडपम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में लगभग 7000 लोगों की उपस्थिति रही। मंगलाचरण गितिका में तेयुप सदस्यों की सहभागिता रही एवं व्यवस्था का दायित्व भी तेयुप द्वारा निर्वहन किया गया। सभी युवा साथियों को बहुत-बहुत साधुवाद।

ज्ञातव्य है कि कार्यक्रम में एक बच्चे की अचानक तबीयत खराब होने पर परिषद् के सह-मंत्री श्री शिवम छलाणी व गांधी नगर क्षेत्रीय संयोजक श्री मिलन बोथरा ने कार्यक्रम को मध्यांत छोड़ बच्चे को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। आप दोनों की तत्परता एवं सजगता हेतु बहुत-बहुत साधुवाद।





## पारस्परिक संवाद

परिषद् के सभी सदस्यों के बीच आपसी संपर्क एवं गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से एक व्हाट्सएप ग्रुप का संचालन भी परिषद् द्वारा निरंतर किया जा रहा है। इस ग्रुप में लगभग एक हजार सदस्य जुड़े हुए हैं।



## श्रद्धांजलि

आलोच्य सत्र में कई साधु-साध्वियां मोक्ष पथ पर अग्रसर होते हुए देवलोक हुए और समाज के भी कई श्रावक-श्राविकाओं का स्वर्गवास हुआ। सभी दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनकी आध्यात्मिक विकास की मंगलकामना करता हूँ। आलोच्य वर्ष में परिषद् के सदस्य श्री राकेश बोथरा का भी स्वर्गवास हो गया, उनके प्रति भी हार्दिक श्रद्धांजलि।

## कृतज्ञोस्मि:

सर्वप्रथम अनन्त-अनन्त कृतज्ञता स्वप्नदृष्टा गणाधिपति पूज्य गुरूदेवश्री तुलसी के प्रति जिनकी दूरदृष्टि की ही निष्पति है तेरापंथ युवक परिषद्। स्मरण एवं नमन प्रेक्षाप्रणेता आचार्यश्री महाप्रज्ञजी को, जिन्होंने इस संगठन को अपना वात्सल्य एवं पथ दर्शन प्रदान किया।

कृतज्ञता युगप्रधान युवामनीषी आचार्यश्री महाश्रमणजी के प्रति जिनके दिव्य आशीर्वाद से ही परिषद् के सारे कार्य निर्बाध रूप से संपादित हुए है, हो रहे हैं। कृतज्ञता मातृहृदया साध्वीप्रमुखा श्री विश्रुतविभाजी, मुख्य मुनिप्रवर, साध्वीवर्याजी के प्रति जिनका मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद परिषद् को निरंतर प्राप्त हुआ।

परिषद् के सदस्यों को सतत् प्रेरणा एवं मार्गदर्शन हेतु तेयुप के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनि श्री योगेशकुमारजी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता। कृतज्ञता धर्मसंघ की समस्त धवलसेना के प्रति जिनका पावन प्रेरणा पाथेय एवं मार्ग दर्शन समय-समय पर कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ।

## सहयोग

तेयुप दिल्ली के विभिन्न कार्यक्रमों के संपादन हेतु अनेक संस्थाओं का सक्रिय सहयोग निरंतर प्राप्त हुआ।

परिषद् गतिविधियों के संचालन हेतु अणुव्रत भवन एवं अध्यात्म साधना केन्द्र में स्थान की उपलब्धता कराने हेतु अणुव्रत न्यास के प्रबंध न्यासी श्री के.सी. जैन एवं प्रभारी न्यासी श्री शांति कुमार जैन के प्रति हार्दिक आभार।

तेरापंथ भवन (महरौली), ओसवाल भवन (शाहदरा), तेरापंथ भवन (कृष्णा नगर), गोयल आस्था भवन (शालीमार बाग), गोयल श्रद्धा भवन (ग्रीन पार्क), तेरापंथ भवन (रोहिणी), तेरापंथ भवन (मॉडल टाऊन), तेरापंथ भवन (मानसरोवर गार्डन), तेरापंथ भवन (पश्चिम विहार) और तेरापंथ भवन (शास्त्री नगर) द्वारा स्थानों की उपलब्धता कराने हेतु संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं व्यवस्था समितियों का हार्दिक धन्यवाद।

## क्षमायाचना

करबद्ध अंतः करण से क्षमायाचना करता हूँ, पूज्यप्रवर से अगर उनके इंगित की आराधना नहीं कर पाया हूँ। विगत वर्ष के दौरान दिल्ली में विराजित सभी चारित्रात्माओं से क्षमायाचना यदि मेरे द्वारा कोई अविनय हुआ हो अथवा परिषद् दृष्टि के अनुरूप कार्य नहीं कर पायी हो।

यूं तो आप सभी ने मेरी प्रत्यक्ष या परोक्ष गलतियों को विस्मृत कर दिया होगा, फिर भी युवा साथियों सहित समाज के हर वर्ग से क्षमा प्रार्थी हूँ यदि आपके आशानुरूप कार्य न कर पाया हो या मेरे किसी व्यवहार से आपके हृदय को ठेस पहुँची हो।

## आभार

अभातेयुप की शाखा परिषदों में विशिष्ट परिषद् है तेयुप दिल्ली। लगभग 5000 तेरापंथी परिवारों के युवाओं की प्रतिनिधि संस्था है तेयुप दिल्ली। ऐसी गतिशील एवं विशिष्ट संस्था का मंत्री पद जहां एक ओर सात्विक गौरव की अनुभूति कराता है वही दूसरी ओर दायित्वबोध का भान भी कराता है। मैं अंतःकरण से आभारी हूँ परिषद् के कर्मठ अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया का जिन्होंने तेयुप जैसी गतिशील व गौरवशाली संस्था का मुझे मंत्री मनोनीत किया। मैंने हमेशा प्रयत्न किया कि आपके निर्देशन में आप द्वारा प्रदत्त विश्वासपूर्ण दायित्व का जागरूकता एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करूं। आपका कुशल नेतृत्व व प्रदत्त स्नेह ही मेरे प्रत्येक कार्य को सम्पादित करने में सहायक बना।

मै आभारी हूँ कल्याण परिषद् के संयोजक श्री के.सी. जैन एवं विकास परिषद् के सम्मानीय सदस्य अजातशत्रु समाजभूषण श्री मांगीलाल सेठिया का जिनका वरदहस्त हमेशा परिषद् पर रहा। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली के अध्यक्ष युवकरत्न श्री सुखराज सेठिया के प्रति हार्दिक आभार, जिनका मार्गदर्शन एवं सहयोग परिषद् को निरंतर प्राप्त हुआ।

विशेष आभार व्यक्त करता हूँ परिषद् के परामर्शक सदस्यों श्री संजय खटेड़ (संस्था शिरोमणी महासभा के उपाध्यक्ष), श्री शांति कुमार जैन, श्री इन्द्र बैंगाणी, श्री अशोक संचेती, श्री मनोज बोरड़, श्री संजय संचेती, श्री संदीप डूंगरवाल, श्री संजीव जैन का, जिनका समय-समय पर परिषद् को परामर्श प्राप्त हुआ। अभातेयुप अध्यक्ष श्री रमेश डागा, महामंत्री श्री अमित नाहटा, निवर्तमान अध्यक्ष श्री पंकज डागा, महामंत्री श्री पवन मांडोत द्वारा प्रदत्त सहयोग के लिए आभार।

संघीय समाचारों के साप्ताहिक मुखपत्र अखिल भारतीय तेरापंथ टाइम्स ने दिल्ली परिषद् के कार्यक्रमों को प्रकाशन में समुचित स्थान दिया तदर्थ आभार।

वैधानिक कार्यों के संपादन एवं अंकेक्षक की सेवाओं हेतु श्री राजेश बैंगाणी का हार्दिक आभार।

सदैव की भांति परस्पर सहयोग के साथ एक-दूसरे के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागी बने रहे समस्त तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति दिल्ली एवं सभी क्षेत्रीय सभाओं के अध्यक्षों सहित पूरी टीम के प्रति अंतःकरण से आभार व साधुवाद।

आभार दिल्ली के श्रावक समाज का जिन्होंने परिषद् के हर कार्यों के संपादन में प्रत्यक्ष या परोक्ष सहभागिता दर्ज की। परिषद् द्वारा संपादित महत्त्वपूर्ण आयोजनों में अर्थ अनुदान दाताओं के प्रति हार्दिक आभार जिन्होनें मुक्त हस्त अर्थ प्रदान कर कार्यों के संपादन में परिषद् को सहयोग प्रदान किया।

परिषद् कार्यक्रमों की सफल निष्पत्ति में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोगी समस्त संस्थाओं, श्रावक समाज एवं समर्पित युवा साथी, जिनका मैं नामोल्लेख नही कर पाया हूँ, हृदय से आभार।,

मैं प्रतिपल आभारी हूँ मेरे पिताजी श्री कैलाश डुंगरवाल, मातुश्री श्रीमती मंजु डुंगरवाल का जिन्होंने बचपन से मुझमें सेवा संस्कारों का बीजारोपण किया व संघ एवं संघपति के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्रदान दी। मेरे कार्य में योगभूत बने मेरे अनुज भ्राता श्री रोहित डुंगरवाल व पारिवारिकजन एवं मेरे सभी मित्रजनों के प्रति हृदय से आभार।

मैं विशेष आभारी हूँ मेरी धर्मपत्नी श्रीमती प्रिया डुंगरवाल, पुत्री मायरा का जिनके सहयोग के बिना दायित्व निर्वहन आसान नहीं था। परिषद् में मेरे दायित्व निर्वहन को सुगम बनाने का पूरा श्रेय मेरे परिवार को जाता है, सभी के प्रति आभार।

## शुभाशंसा

मैं परिषद् के सम्माननीय उपाध्यक्ष श्री राकेश बैगाणी एवं श्री सौरभ आंचलिया, सहमंत्री श्री कुशाल गदैया एवं श्री शिवम छलाणी, कोषाध्यक्ष श्री प्रभात खडेड़, संगठन मंत्री श्री जिनेश जैन एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्री विकास सुराणा द्वारा प्रदत्त सहयोग को कभी भी विस्मृत नहीं कर सकता, जिन्होनें प्रतिपल मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर परिषद् को नई ऊँचाईयां प्रदान करने में सहयोग प्रदान किया। सभी के प्रति हार्दिक आभार।

तेयुप दिल्ली एक राज्यस्तरीय परिषद् है और इस वृहद् क्षेत्र में परस्पर सम्पर्क और संवाद का सशक्त माध्यम बनते हैं विभिन्न क्षेत्रों के क्षेत्रीय संयोजक। क्षेत्रीय संयोजक श्री मिलन बोथरा, श्री पवन बैद, श्री अनुराग जैन, श्री राहुल बोथरा, श्री मुकेश छाजेड़, श्री करूण सेठिया, श्री विशाल पगारिया, श्री पवन पारख, श्री अरूण बुच्चा, श्री शुभम् जिन्दल, श्री शेखर दुगड़, श्री प्रतीक सुराणा, श्री प्रतीक गिड़िया एवं सभी क्षेत्रीय सह-संयोजको ने अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

विभागीय प्रभारी श्री महिम चन्द बोथरा, श्री मनोज गंग, श्री मनीष बरमेचा, श्री मयंक दुगड़, श्री मनीष मालू, श्री मानस बोथरा, श्री मुदित लोढा, श्री प्रकाश सुराणा, श्री अनुराग बोथरा, श्री सुनील छाजेड़, श्री दीपक नाहर, श्री हेमंत बैद, श्री मनीष पुगलिया, श्री ऋषभ बैद, श्री पवन श्यामसुखा, श्री चन्द्रसेन श्यामसुखा, श्री निखिल भूतोड़िया, श्री अमित मिन्नी, श्री सौरभ कोठारी, श्री भव्य बैंगाणी सहित सभी सह-प्रभारी, किशोर मंडल के संयोजक, सह-संयोजक एवं ज्ञानशाला के क्षेत्रीय संयोजकों द्वारा अपने कर्तव्यों का सजगता से पालन किया गया। सभी के प्रति साधुवाद एवं उज्जवल भविष्य की मंगलकामना।

परिषद् के समस्त कार्यसमिति सदस्यगण, योजना एवं समन्वय समिति सदस्य एवं क्षेत्रीय सहयोगियों द्वारा परिषद् के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता हेतु साधुवाद। इनके अतिरिक्त कई प्रिय एवं कर्मठ साथी और हैं जिन्होनें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपना अमूल्य समय और श्रम नियोजित कर परिषद् के कार्यक्रमों को सफल बनाया। उन सभी युवा साथियों का, जिनका नामोल्लेख मैं यहां नहीं कर पाया हूं, सभी के प्रति हार्दिक आभार, धन्यवाद।

कार्यसमिति सदस्यगण, क्षेत्रीय सहयोगी एवं समिति सदस्यों के श्रम एवं सतत् सहयोग तथा परिषद् के युवा साथियों की जागरूकता एवं सक्रियता से ही समस्त कार्य सफलतापूर्वक सम्पादित हो सके, तदर्थ हृदय से आभारी हूँ।

सभी सहयोगी कार्यकर्ताओं के प्रति शुभाशंसा करता हुआ यही मंगलकामना करता हूँ कि भविष्य में भी सभी युवा साथी सक्रिय सहयोगी एवं सहभागी बनकर परिषद् को नित नई ऊंचाईयां प्रदान करने में योगभूत बनेंगे।

इस कार्यकाल के दौरान कुछ युवा साथी परिषद् के साथ सक्रियता से जुड़े और कार्यक्रमों में रूचि दिखाई। श्री भारत गोलछा, श्री अक्षय खटेड़, श्री मुकेश छाजेड़, श्री शेखर दुगड़, श्री विशाल पगारिया, श्री सचिन बैद, श्री प्रियंक दुगड़ आदि के प्रति मैं आशावान हूं कि भविष्य में भी ये परिषद् के अच्छे कार्यकर्ता के रूप में उभरेंगे।

Last but not the least मैं अंतःकरण से परिषद् के उन सभी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं का आभारी हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से ही अपने कार्यकाल को सुचारू रूप से संपन्न कर पाया हूँ।

## मंगलकामना

अंत में परिषद् के उत्तरोत्तर विकास की मंगलकामना करते हुए आशा करता हूँ कि परिषद् को सदैव प्रगतिमान करते रहने में सभी युवा साथियों का निरंतर सहयोग मिलता रहेगा। परिषद् अपने त्रिआयामी उद्देश्यों की प्राप्ति में सदैव गतिशील रहती हुई नित नई ऊँचाईयों का आरोहण करेगी। आने वाले नए नेतृत्व, नई कार्यकारिणी के प्रति हार्दिक शुभकामनाएं तथा पूर्ण सहयोग का आश्वासन।

**संघ सेवा के भाव पुष्ट हों, संगठन सम्मान बढ़ाएंगे।**
**संस्कारों की ठोस धरा पर, चरण गतिमान बनाएंगे।**
**गुरु दृष्टि आराधना का, संकल्प अटूट निभाएंगे।**
**परस्पर सौहार्द-समन्वय द्वारा, लक्षित मंजिल पाएंगे।**
**जीवन सफल बनाएंगे।।**

अणुव्रत भवन, नई दिल्ली
दिनांक 16 जून 2024

**अमित डुंगरवाल**
**मंत्री**

# तेरापंथ किशोर मंडल

**वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24**

तेरापंथ धर्मसंघ के यशस्वी आचार्य, एकादशम अधिशास्ता, युगप्राधान आचार्यश्री महाश्रमण जी के सुपावन श्रीचरणों में सादर स-भक्ति वंदन। मातृ हृदया साध्वी प्रमुखा विश्रुतविभा जी, मुख्य मुनि प्रवर, साध्वी वर्याजी एवं सभी चारित्रात्माओं के श्री चरणों में भावभरा वंदन।



श्री हर्ष पारख
संयोजक

सर्वप्रथम आभार व्यक्त करता हूँ तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के अध्यक्ष श्री विकास चौरड़िया, मंत्री श्री अमित डूंगरवाल एवं सभी पदाधिकारी गण का जिन्होनें मुझे तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली के संयोजक के रूप में नियुक्त कर संघ सेवा करने का सुअवसर प्रदान किया।

तेरापंथ किशोर मंडल एक छोटा सा बीज है जो तेयुप के सिंचन से फलता-फूलता रहा है।

परम पूज्य गुरुदेव की असीम अनुकंपा से, दिल्ली में विराजित सभी चरित्रात्माओं के आशीर्वाद से एवं तेयुप दिल्ली के सक्रिय सहयोग से आलोच्य वर्ष में तेरापंथ किशोर मंडल द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रम सुगमता से संपन्न हो सके हैं। मैं आशा करता हूँ किशोरों का मेरा यह छोटा सा प्रयास तेरापंथ किशोर मंडल को अवश्य एक नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा।

**आलोच्य वर्ष में किशोर मंडल द्वारा सम्पादित कार्य :**

## 17वें राष्ट्रीय किशोर मंडल अधिवेशन

कार्यकाल 2023-24 का प्रारंभ गुरु चरणों में राष्ट्रीय अधिवेशन द्वारा हुआ जिसमें अलग-अलग प्रकार के इवेंट्स का आयोजन हुआ। जैसे की Model Parliament, MicCheck, Navonmesh, गुरुदेव सेवा, मुख्य प्रवचन कार्यक्रम में गुरुदेव के समक्ष गीतिका की प्रस्तुति एवं Physical प्रतिवेदन बना उसे गुरुदेव के चरणों में अर्पित किया।

उपर्युक्त कार्यक्रमों में तेरापंथ किशोर मंडल से संयम आंचलिया, मुदित पारख, मुदित बैद, विपुल जैन व विश्रुत जैन ने भाग लिया।

मुझे यह बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है की तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली को सेवा क्षेत्र के अंतर्गत अखिल भारतीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

17 वें राष्ट्रीय अधिवेशन ने तेरापंथ किशोर मंडल Axis के Asia Book में भी अपना नाम दर्ज करवाया। सम्पूर्ण एशिया एवं विश्व मे पहली बार एक साथ Longest Human Formation of Jain Flag जिसमें लगभग 1,000 अधिक किशोर उपस्थित रहे एवं इतिहास दर्ज किया। इसमें दिल्ली किशोर मंडल के सदस्यों की भी सहभागिता रही।

परम पूज्य गुरुदेव ने तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली पर महती कृपा कर सेवा उपासना हेतु समय प्रदान करवाया एवं पावन उद्‌बोधन प्रदान किया।

## 77th Independence Day Celebration

दिल्ली में कार्यकाल 2023-24 का प्रथम कार्यक्रम 77वां भारतीय स्वतंत्रता दिवस से हुआ, जिसमे सभी किशोरों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

## वात्सल्य पीठ शिलान्यास

साध्वीश्री डॉ. कुन्दन रेखाजी ठाणां-4 के सानिध्य में आयोजित श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा दिल्ली द्वारा असाधारण साध्वी प्रमुखा कनक प्रभाजी के समाधि स्थल 'वात्सल्य पीठ' का शिलान्यास समारोह हुआ जिसमे तेयुप के निर्देशन में तेरापंथ किशोर मंडल के किशोरो ने भी दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लिया :

## प्रथम दिवस धम्मजागरण एवं द्वितीय दिवस शिलान्यास समारोह

तेरापंथ किशोर मंडल के किशोरों द्वारा इस पावन अवसर पर प्रातः 6 से 7 बजें तक जाप किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में किशोरों की अच्छी उपस्थिति रही।

## जियो जिंदगी कार्यक्रम

सामूहिक जन्मदिवस

जुलाई, अगस्त एवं सितंबर माह में आने वाले सभी किशोरों का जैन संस्कार विधि द्वारा सामूहिक जन्मदिवस का कार्यक्रम आचार्य महाप्रज्ञ पार्क में आयोजित किया गया तत्पश्चात् फिट युवा, हिट युवा कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ, जिसमें किशोरों के साथ तेयुप के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## उड़ान : Excel Everywhere

भावी पीढ़ी अपना सर्वांगीण विकास कैसे करे? इस उद्देश्य से उड़ान Excel Everywhere कार्यशाला का आयोजन साध्वीश्री अणिमा श्री जी के सान्निध्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली के किशोरों द्वारा विजय गीत से हुआ।

साध्वीश्री अणिमा श्री जी ने जीवन में सफल बनने के साथ-साथ समय के नियोजन एवं मोबाइल आदि के बुरे प्रभाव से बचने के लिए सभी को प्रेरणा प्रदान की। साध्वीश्री डॉ. सुधा प्रभा जी ने भी एक कहानी के माध्यम से सफल व्यक्ति बनने के लिए समझाया एवं जीवन में कैसे सफल हो विषय पर 4 सूत्र बताये 4P's in Life : Patience, Purposefull, Positivity &

Presence of Mind.

चेन्नई से समागत कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री राकेश खटेड़ ने भी सभी किशोरों, कन्याओं एवं उपस्थित श्रावक समाज को बताया कि कैसे हम अपने जीवन में आगे बढ़ सके?

कार्यशाला का संचालन साध्वीश्री मैत्रीप्रभा जी ने किया। कार्यशाला में लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें 75 से अधिक किशोर मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में किशोर मंडल प्रभारी श्री अमित मिन्नी व संयोजक श्री हर्ष पारख सहित अनेक किशोरों का उल्लेखनीय श्रम रहा। सभी के प्रति हार्दिक धन्यवाद।

## Sole Nutrition

तेरापंथ किशोर मंडल एवं AXIS द्वारा Sole Nutrition कार्यक्रम Online किया गया जिसमे किशोरों ने सामायिक के साथ विभिन्न मन्त्रों का जप कर कर्म निर्जरा की।

## सदस्यता अभियान

पर्युषण पर्व के दौरान तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली द्वारा नए किशोर सदस्यों को जोड़ने हेतु सदस्यता अभियान चलाया गया। किशोर मंडल द्वारा आलोच्य वर्ष में कुल 19 नये सदस्य बनाए गए।

| तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली सदस्यता | |
|---|---|
| किशोर मंडल सदस्य 2022-23 | 119 |
| आलोच्य वर्ष में सदस्यता मुक्त (21 वर्ष) सदस्य | -27 |
| आलोच्य वर्ष 2023-24 में आजीवन सदस्य बने | +19 |
| कुल आजीवन सदस्य | 111 |

## जप तप महायज्ञ

परम पावन महामना आचार्यश्री भिक्षु के 221वें चरमोत्सव के पावन अवसर पर अभातेयुप के तत्वावधान एवं तेयुप के निर्देशन में जप तप महायज्ञ-2 में 2 घंटे जाप के क्रम में तेरापंथ किशोर मंडल के किशोरों द्वारा सामुहिक जप किया गया।

## Donation 1.0

**''खुशियों की दीपावली''** के प्रथम चरण में दिनांक 9 नवम्बर 2023 को आनंद विहार एवं दिनांक 14 नवम्बर 2023 को द्वितीय चरण कीर्ति नगर में बच्चों को मिठाई, चॉकलेट, स्टेशनरी इत्यादि वस्तुएँ वितरित की गई।

## Donation 2.0

तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली द्वारा दिनांक 29 फरवरी 2024 को Little Heart Special School (School for differently abled), Krishna Nagar, Delhi संस्था में बच्चों को Trampoline,Thera Putty, Disc Swing, Jumping Hop Ball, Weight Cuff and Apple इत्यादि वस्तुएँ उपलब्ध करवाई गई।

## सेवा चारित्रात्माओं की

(बीदासर में तेरापंथ किशोर मंडल दिल्ली)

तेरापंथ किशोर मंडल के सदस्यों का आचार्यश्री जीतमल जी द्वारा रचित गितिका भिक्षु म्हारे प्रगटया जी ... स्थान (बीदासर) में स्थित सुख मन्दिर के दर्शन करने का क्रम रहा।

बीदासर समाधि केंद्र में प्रवासित चारित्रात्माओं के दर्शन किए। वहाँ विराजित साध्वीश्री जी ने सभी किशोरों को प्रेरणा प्रदान की।

## विहार सेवा

दिल्ली में विराजित चारित्रात्माओं की विहार सेवा में तेरापंथ किशोर मंडल के सदस्यों की समय समय पर उपस्थिति रही।

## Poster Making Competition

तेरापंथ किशोर मंडल द्वारा Poster Making Competition का आयोजन किया गया, जिसमे दिल्ली के साथ साथ अन्य राज्य से भी आवेदन प्राप्त हुए। तीन विजेताओं को पारितोषिक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता

यह कार्यक्रम भारत की राजधानी दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में 20 से अधिक किशोर उपस्थित रहे एवं अपनी उल्लेखनीय सेवा प्रदान की।

## ATJH & ATDC

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के निर्देशन में आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल एवं आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर के शुभारंभ कार्यक्रम में किशोर मंडल के सदस्य भी उपस्थित रहें तथा व्यवस्थाओं में सक्रिय सहभागी बने।

अंत में मैं तेयुप दिल्ली के सभी पदाधिकारियों सहित पूरी टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जिनका अतुलनीय सहयोग व मार्गदर्शन तेरापंथ किशोर मंडल को आलोच्य सत्र में निरतंर प्राप्त हुआ। विशेष आभार किशोर मंडल प्रभारी श्री अमित मिन्नी एवं सह-प्रभारी श्री वर्धमान बांठिया का, जिनका निरन्तर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सभी संघीय संस्थाओं के प्रति भी हार्दिक आभार जिनका वात्सलय भाव किशोर मंडल पर निरतंर बना रहा। पूरे कार्यकाल में मेरे या तेरापंथ किशोर मंडल के किसी भी सदस्य द्वारा कोई भी अविनय आशातना हुई हो तो बारंबार खमत-खामणा करता हूं।




Terapanth Kishore Mandal Delhi
DONATION 2.0




OSWAL SAMAJ






लघु उद्योग भारती
उद्यमी संगम


THIS MEDAL IS PRESENTED FOR YOUR OUTSTANDING PERFORMANCE IN THE FIELD OF
"SEVA"




TKM DELHI
















A C THREE TIER

# झलकियाँ




















सेवा संस्कार संगठन

# झलकियाँ






















सेवा संस्कार संगठन

# झलकियां




















# तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

पंजीकृत कार्यालय : ए-875, शास्त्रीनगर, दिल्ली-110052
कार्यालय : अणुव्रत भवन, 210, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002
मोबाईल : 9315078011-12-13
ईमेल - delhityp@gmail.com वेबसाईट : www.typdelhi.org